हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)





थलापति 69 से जुड़ी प्रियामणि, पहली बार विजय के साथ ...

www.naisochlive.com | पटना, सोमवार, 28 अक्टूबर 2024, वर्ष- 07, अंक- 246, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

## बेंगलुरु से अयोध्या पहुंचे विमान में बम की सूचना निकली अफवाह



**एजेंसी, अयोध्या।** बेंगलुरु से अयोध्या पहुंचे अकासा एयरलाइंस के विमान में बम होने की सूचना से हड़कंप मच गया। सोशल मीडिया एक्स पर धमकी भरे मेसेज के बाद अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर विमान को सकुशल लैंड कराया गया। जांच में बम अथवा कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर सभी लोगों ने राहत की सांस ली। अयोध्या एयरपोर्ट के डायरेक्टर विनोद कुमार ने मीडियाकर्मियों को बताया विमान में 173 यात्री सवार थे। सभी को सुरक्षित एयरपोर्ट से बाहर निकाला गया। पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए विमान के यात्रियों को बम की सूचना से अवगत नहीं कराया था। विमान के लैंड करने के बाद यात्रियों को सकुशल बाहर निकालने के बाद जांच की गई। बॉम्ब डिटेक्शन एवं डिस्पोजल स्क्वॉड (बीडीडीएस) और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने मौके पर गहनता से जांच कीं। जांच में बम अथवा कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर सभी ने राहत की सांस ली। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से सीआईएसएफ जवानों समेत पूरा स्टाफ अलर्ट मोड पर है। बम की सूचना अफवाह है।

# अमित शाह ने बंगाल में किया राजनीतिक परिवर्तन का आह्वान

### शाह ने बांग्लादेश सीमा पर स्थित पेट्रापोल में नए यात्री टर्मिनल भवन और मैत्री द्वार का किया उद्घाटन

**एजेंसी, कोलकाता**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बांग्लादेश सीमा पर स्थित पेट्रापोल में नए यात्री टर्मिनल भवन और मैत्री द्वार का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 सालों में देशभर में कई कार्य किए हैं। बंगाल के लोगों में कुछ नाराजगी हो सकती है, लेकिन चिंता न करें, 2026 के चुनावों के बाद भाजपा सरकार इस नाराजगी को दूर करेगी। मोदी सरकार के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल के स्थलीय बंदरगाहों का व्यापक विकास हो रहा है। यहां के लोगों की जिंदगी में भी बदलाव लाया जा रहा है।" शाह शनिवार रात कोलकाता पहुंचे हैं। बांग्लादेश सीमा के निकट बनगांव में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी तीखा हमला बोला।उन्होंने राजनीतिक संदेश देते हुए दावा किया कि भाजपा सत्ता में आने पर बंगाल से अवैध घुसपैठ की समस्या समाप्त कर देगी और सीमा पर



सुरक्षा कड़ी की जाएगी। उन्होंने पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनावों में परिवर्तन लाने का आह्वान किया। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने इस कार्यक्रम में ममता सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य में सत्ता में आई तो बंगाल में अवैध घुसपैठ पूरी तरह से बंद कर दी जाएगी। उन्होंने राज्य में हो रहे भ्रष्टाचार पर भी तृणमूल सरकार को घेरा और कहा कि भाजपा का लक्ष्य सिर्फ विकास है। उन्होंने दावा किया कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल को 7.74 करोड़ रुपये की सहायता दी है जबकि, ममता बनर्जी ने अपने कार्यकाल में इसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया। उन्होंने यह भी बताया कि मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत-बांग्लादेश के बीच व्यापार में बढ़ोतरी हुई है। उनके अनुसार जब मोदी सत्ता में आए, तब बांग्लादेश के साथ व्यापार 18 हजार करोड़ रुपये का था, जो अब 30 हजार करोड़ रुपये हो गया है। इससे राज्य में रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। शाह ने दोपहर में कोलकाता वापस लौटकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यता अभियान का शुभारंभ करने का भी कार्यक्रम रखा है। सॉल्टलेक में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य भाजपा के वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। हालांकि, शाह का बंगाल दौरा कुछ दिन पहले होना था, लेकिन चक्रवात 'दाना' के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। शनिवार को शाह ने राज्य में कदम रखते ही आगामी चुनावों की रणनीति का संकेत दिया, जिससे भाजपा के कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में 13 नवंबर को छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने वाले हैं। शाह के इस दौरे को भाजपा के लिए एक प्रेरणादायी संदेश माना जा रहा है, जो कार्यकर्ताओं को आगामी उपचुनावों में मनोबल बढ़ाने में सहायक होगा।

## नेताओं और जजों की मुलाकात से फैसलों पर कोई फर्क नहीं पड़ताः सीजेआई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पिछले महीने सीजेआई चंद्रचूड़ के आवास पर गणपति पूजा में प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे थे। इसके बाद विपक्षी नेताओं, कई पूर्व जजों और जानेमाने वकीलों ने इस पर आपत्ति जता दी थी। एक कार्यक्रम के दौरान सवालों का जवाब देते हुए हुए सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि चीफ जस्टिस और मुख्यमंत्रियों के बीच भी कई बार पारंपरिक तौर पर मुलाकात होती है। अब लोग क्या सोचते हैं कि वे क्यों मिल रहे हैं। वे किसी फैसले को लेकर मुलाकात नहीं करते हैं। और इन मुलाकातों से फैसलों पर कोई असर भी नहीं पड़ता है। रिपोर्ट के मुताबिक एक कार्यक्रम के दौरान सीजेआई से सवाल किया गया कि बड़े न्यायिक अधिकारियों और राजनेताओं के बीच गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस या अन्य अवसरों पर मुलाकात होती रहती है? इस पर जवाब देते हुए सीजेआई ने कहा, हमारे पॉलिटिकल सिस्टम की परिपक्वता इसी बात पर निर्भर करती है कि जूडिशरी और उनके बीच विचारों में काफी अंतर होता है। सीजेआई ने कहा, मीटिंग में किस बात पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री कभी नहीं कहता कि किसी लंबित मामले को लेकर बातचीत की गई। उन्हें भी पता रहता है



कि हम दोनों का क्षेत्र अलग-अलग है। वहीं हाई कोर्ट और सरकारों के बीच प्रशासनिक संबंध बना रहता है। इसी तरह केंद्र में भी काम होता है। लेकिन हम इतना परिपक्व हैं कि हमें पता रहता है कि इससे न्यायिक कामकाज या फैसलों पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। सीजेआई ने कहा न्यायिक कामकाज नई इमारतों के निर्माण के लिए सरकार ही बजट पास करती है। इसके लिए चीफ जस्टिस को मुख्यमंत्री से मिलना भी पड़ेगा। मैं जब इलाहाबाद हाई कोर्ट चीफ जस्टिस था। इसके अलावा बॉम्बे हाई कोर्ट की प्रशासनिक समिति के लिए काम करता था। वहीं राज्यों में परंपरा है कि जब पहली बार कोई चीफ जस्टिस बनता है तो वह मुख्यमंत्री से मिलता है। दूसरी बार मुख्यमंत्री चीफ जस्टिस से मिलते हैं। इन बैठकों का अलग-अलग अजेंडा होता है।

## मिस इंडिया बनने के बाद पहली बार उज्जैन पहुंची निकिता पोरवाल



**एजेंसी, उज्जैन।** फेमिना मिस इंडिया-2024 का खिताब जीतकर मध्यप्रदेश का मान बढ़ाने वाली निकिता पोरवाल रविवार दोपहर को अपने गृह नगर उज्जैन पहुंचीं। उज्जैन में अरविंद नगर स्थित अपने निवास पहुंचने पर मां और दादी ने उनकी आरती उतारी और फूलों की वर्षा तथा आतिशबाजी कर निकिता का स्वागत किया गया। इस दौरान छोटी बच्चियों ने स्वागत डांस भी किया। निकिता की एक झलक पाने के लिए घर के बाहर सुबह से ही उनके चाहने वालों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई थी। मिस इंडिया ने सभी का अभिनन्दन करते हुए हाथ हिलाकर जय श्री महाकाल का जयकारा लगाया। इससे पहले निकिता पोरवाल रविवार सुबह को इंदौर पहुंचीं। यहां एयरपोर्ट पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री सिलावट ने कहा कि हम सब के लिए गर्व का विषय है कि मप्र की बिटिया निकिता ने अपने परिश्रम और लगन से इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को जीतकर मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया है।

## केंद्र सरकार झारखंड के धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की मनाएगी 150वीं जयंती : प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी। रांची**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 115वें एपिसोड में देश के लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से झारखंड का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा और सरदार पटेल की 150वीं जयंती मनाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरे जीवन का सबसे खास पल वह था जब मैं भगवान बिरसा मुंडा के जन्म स्थान उलीहातू गया था। मोदी ने 15 नवंबर, 2023 के अपने झारखंड के दौरे को याद करते हुए कहा कि उनके जीवन में इस यात्रा का विशेष प्रभाव पड़ा। वह पहले ऐसे प्रधानमंत्री बने जो कि भगवान बिरसा मुंडा के गांव गए थे। उन्होंने कहा कि उनके लिए यह गौरव की बात थी कि उलिहातू की मिट्टी को सिर से लगाने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि उस क्षण मैंने न सिर्फ स्वतंत्रता संग्राम की शक्ति महसूस हुई, बल्कि झारखंड की धरती की शक्ति से जुड़ने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री ने इस दौरान सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की 31 अक्टूबर और बिरसा मुंडा की 15 नवंबर से 150वीं जयंती शुरू होगी। प्रधानमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि उनकी सरकार इन दोनों की जयंती को मनाएगी। प्रधानमंत्री ने उनके साहस और दूरदर्शिता का जिक्र किया। साथ ही कहा कि इन दोनों महापुरुषों के सामने अलग-अलग चुनौतियां थीं लेकिन उनका विजन एक ही था, देश की एकता।



## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज संस्कृत, संस्कृति और भारतीय सभ्यता उठ खड़ी हुई हैः योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी, वाराणसी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यहां सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से पूरे प्रदेश में संस्कृत छात्रवृत्ति योजना की शुरूआत की। कार्यक्रम में 69,195 विद्यार्थियों को 586 लाख की छात्रवृत्ति का वितरण किया गया । भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कंप्यूटर के माउस को क्लिक कर संस्कृत विद्यार्थियों के बैंक खाते में एक साथ धनराशि छात्रवृत्ति के रूप में स्थानांतरित की। मुख्यमंत्री ने मंच से प्रतीकात्मक रूप से सुहानी, पूजा शुक्ला, रंजना, कृष्णा, आर्यन, अभिनव मिश्रा, स्मिता, अमन, योगेश दुबे, प्रिंस



पाण्डेय, हर्ष मिश्रा सहित 12 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का चेक दिया। उत्तर प्रदेश में यह पहला मौका है जब प्रथमा से लेकर आचार्य तक के विद्यार्थियों को एक साथ छात्रवृत्ति दी गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरुकुल की परंपरा,संस्कृत को पुनर्जीवित करने वाली संस्थाओं को ही सरकार अब मान्यता देगी,जो छात्रों को निःशुल्क अच्छा छात्रावास और भोजन उपलब्ध करायेंगे। यह कदम गुरुकुल परंपरा को जीवित करने और भारतीय संस्कृति को संरक्षित करने के उद्देश्य से है। मुख्यमंत्री ने संस्कृत भाषा को भारतीय संस्कृति के ऊर्जा का स्वर बताया। उन्होंने कहा कि गरीब एवं असहाय बच्चों के लिए छात्रवृति की व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन संस्कृत भाषा की उपेक्षा समझ से परे है। अब तक संस्कृत के 300 बच्चों को ही छात्रवृति की व्यवस्था रही। संस्कृत के प्रथमा से आचार्य तक के सभी बच्चों को छात्रवृति की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए संस्कृत विद्यालयों को बच्चों का फार्म आदि भरवाने की औपचारिकता पूर्ण कराते हुए प्रयास करना होगा।

## पंजाब पुलिस ने पांच सौ करोड़ की हेरोइन के साथ दो को गिरफ्तार किया

**एजेंसी, चंडीगढ़** । पंजाब पुलिस ने सीमा पार से जुड़े ड्रग तस्करों का पर्दाफाश करते हुए दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 105 किलो हेरोइन समेत भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार सुबह अपने सोशल मीडिया अकांउट एक्स पर यह जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस की टीम ने अमृतसर के बाबा बकाला कस्बे से दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से करीब 105 किलो हेरोइन, 31.93 किलो कैफीन, 17 किलो डीएमआर, 5 विदेशी पिस्तौल और 1 देसी पिस्तौल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान नवजोत सिंह और लवप्रीत कुमार के रूप में हुई है।

## सीता सोरेन का अपमान झामुमो सरकार की महिला विरोधी मानसिकता का परिचायक : शिवराज

**एजेंसी। रांची**

कांग्रेस नेता और मंत्री इरफान अंसारी के सीता सोरेन पर विवादित बयान को लेकर भाजपा आक्रामक है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को कहा कि झारखंड में बहन सीता सोरेन का अपमान हुआ है। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन भाजपा की सम्मानित नेता हैं और उनका अपमान झामुमो सरकार की महिला-विरोधी रवैये को उजागर करता है। गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सीता सोरेन स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पत्नी, शिबू सोरेन की बहू और हेमंत सोरेन की भाभी हैं लेकिन हैरानी की बात यह है कि जिस सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन हैं, उसी सरकार का एक मंत्री उनकी भाभी का अपमान कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में भाभी को मां का दर्जा दिया गया है। रामायण का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जब सीता का अपमान हुआ था तब लंका जली थी और रावण का अंत हुआ था लेकिन झारखंड में हर दिन सीता का अपमान हो रहा है। चौहान ने कहा कि यदि हेमंत सोरेन में जरा भी शर्म



है, तो उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए लेकिन हेमंत सोरेन चुप बैठे हैं। यदि वह भाभी मां के सम्मान की रक्षा नहीं कर सकते तो झारखंड की मां, बहन और बेटियों की रक्षा कैसे करेंगे? ऐसे व्यक्ति को पद पर बने रहने का कोई हक नहीं है। शिवराज ने मन की बात कार्यक्रम को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साइबर क्राइम के खिलाफ तथ्य खा, ताकि जनता साइबर क्राइम से बच सके। कई बार भोले-भाले लोग ठगे जाते हैं।

## मंडी जिले में खाई में गिरी कार, पांच युवकों की मौत



**एजेंसी, मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले की चौहारघाटी के वरधाण में शनिवार की रात एक कार गहरी खाई में गिर गई। जिससे कार सवार पांच युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। रविवार सुबह एक भेड़पालक ने खाई में गिरी कार को देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने खाई से शवों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया। बताया गया कि धमच्याण गांव के रहने वाले पांच युवक बरोट में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात को घर लौटते समय चौहारघाटी के वरधाण में उनकी कर सात सौ मीटर खाई में गिर गई। रात में अंधेरा होने पर किसी का पता नहीं चला। रविवार प्रातः स्थानीय एक भेड़पालक ने खाई में नीचे खेतों में एक कार पड़ी देखी। तब उसके ने इसकी सूचना आसपास के ग्रामीणों को दी। फिर पंचायत प्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी टिक्कन पुलिस चौकी को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर क्षत विक्षत शवों को सड़क मार्ग तक पहुंचाने के लिए स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू शुरू किया है। हादसे में मरने वालों की पहचान राजेश, गंगू, कर्ण, सागर और अजय के रूप में हुई है। मृतकों की उम्र 16 से 30 वर्ष के बीच की बताई जा रही है।

# 'मन की बात' में पीएम ने दिया 'डिजिटल अरेस्ट' से बचने का मंत्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को 'डिजिटल अरेस्ट' के बढ़ते खतरे के प्रति लोगों से सतर्कता बरतने का आह्वान किया। उन्होंने इस प्रकार के कॉल आने पर 'रुको', बाद में 'सोचो', और फिर 'एक्शन लो' के तीन चरणों का पालन करने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जांच एजेंसियां डिजिटल अरेस्ट के नाम पर चल रहे फरेब से निपटने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री रविवार को 'मन की बात' मासिक रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों के साथ अपने विचार साझा कर रहे थे। कार्यक्रम की यह 115वीं कड़ी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के शिकार होने वालों में हर वर्ग, हर उम्र के लोग हैं। लोगों ने डर की वजह से अपनी मेहनत से कमाए हुए लाखों रुपए गवां दिए हैं। उन्होंने कहा कि कभी भी आपको इस तरह का कोई कॉल आए तो आपको डरना नहीं है। आपको पता होना चाहिए कोई भी जांच एजेंसी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर इस तरह पूछताछ कभी भी नहीं करती। प्रधानमंत्री ने डिजिटल सुरक्षा के तीन चरण बताते हुए कहा कि 'रुको, सोचो और एक्शन लो'। कॉल आते ही, 'रुको'- घबराएं नहीं, शांत रहें, जल्दबाजी में कोई कदम न उठाएं, किसी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी न दें, संभव हो तो स्क्रीनशॉट लें और रिकॉर्डिंग जरूर करें। प्रधानमंत्री ने दूसरा चरण बताते हुए कहा कि 'सोचो' - कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर ऐसे धमकी नहीं देती, न ही वीडियोकॉल पर पूछताछ करती है, न ही ऐसे पैसे की मांग करती है अगर डर लगे तो समझिए कुछ गड़बड़ है। उन्होंने कहा कि तीसरे चरण के तहत 'एक्शन लो'। राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 डायल करें, cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करें, परिवार और पुलिस को सूचित करें, सबूत सुरक्षित रखें।

### त्योहारों पर वोकल फॉर लोकल का मंत्र

प्रधानमंत्री ने लोगों से कहा कि वे त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए खरीदारी करते समय अपने दैनिक जीवन में 'वोकल फॉर लोकल' की अवधारणा को शामिल कर सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि ये त्योहारों का समय है। धनतेरस, दीवाली, छठ पूजा, गुरु नानक जयंती और सभी पर्वों की शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आप सभी पूरे उत्साह के साथ त्योहार मनाएं- वोकल फॉर लोकल का मंत्र याद रखें, कोशिश करें कि त्योहारों के दौरान आपके घर में स्थानीय दुकानदारों से खरीदा गया सामान जरूर आए।

**एनिमेशन की दुनिया में मेड इन इंडिया** : प्रधानमंत्री ने 28 अक्टूबर को 'विश्व एनिमेशन दिवस' के मौके पर भारत को वैश्विक एनीमेशन पावर हाउस बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने एनिमेटिड सीरियल छोटा भीम, कृष्णा, हनुमान और मोटू-पतलू का जिक्र करते हुए कहा कि यह सीरियल को केवल भारत में ही नहीं दुनिया-भर में पसंद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एनिमेशन की दुनिया में भारत नई क्रांति करने की राह पर है।



हर खबर पर पैनी नज़र
# नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत वर्तमान ऋण सीमा को उभरते उद्यमियों को प्रोत्साहन देने के लिए 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये किया गया है :- अरविन्द सिंह

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि एनडीए सरकार की केन्द्रीय बजट के 2024-25 में घोषणा के अनुरूप प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत एनडीए सरकार में मुद्रा ऋण की मौजूदा सीमा को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया गया है। एनडीए सरकार द्वारा यह वृद्धि मुद्रा योजना के समग्र उद्देश्य को प्रोत्साहन देने की एक और सकारात्मक पहल है। श्री अरविन्द ने कहा है कि यह वृद्धि विशेष रूप से उभरते उद्यमियों के लिए लाभकारी है, जिससे उन्हें विकास और विस्तार में सहायता मिलेगी। एनडीए सरकार द्वारा यह पहल एक मजबूत उद्यमी इको-सिस्टम को बढ़ावा देने की एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। यह तरुण प्लस की नई श्रेणी 10 लाख रुपये से अधिक एवं 20 लाख रुपये तक के ऋणों के लिए है। और यह उन उद्यमियों को उपलब्ध होगी जिन्होंने तरुण श्रेणी के अंतर्गत पिछले ऋणों का लाभ उठाते हुए उनका सफलतापूर्वक भुगतान भी किया है। 20 लाख रुपये तक के प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ( पीएमएमवाई ) ऋणों की गारंटी कवरेज माइक्रो यूनिट्स के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ( सीजीएफएमयू ) के तहत प्रदान की जाएगी।

### चारों सीटों पर एनडीए की एकतरफा जीत तय : चौरसिया

**अस्तित्व बचाने को माय समीकरण पर लौटा राजद**

**पटना।** भाजपा विधायक व यूपी बीजेपी के सह प्रभारी डॉ. संजीव चौरसिया ने सूबे की चार विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में एनडीए की एकतरफा जीत का दावा किया है। रविवार को जारी प्रेस बयान में डॉ. चौरसिया ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में राज्य विकास के नित नए प्रतिमान गढ़ रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्राथमिकता के आधार पर केंद्र को योजनाएं भेज रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसको अमलीजामा पहना रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि सूबे का विकास विपक्ष को फूटी आंखों नहीं सुहा रहा है। इससे इंडी गठबंधन खासकर राजद खेमे में खलबली मची हुई है। लोकसभा चुनाव में बाप (बहुजन, अगड़ा, आधी आबादी और पुअर यानी गरीब) समीकरण का जाप करने वालों को उपचुनाव में अस्तित्व बचाने के लिए पुनः माय (मुस्लिम-यादव) समीकरण का सहारा लेना पड़ रहा है। पूर्व सांसद शहाबुद्दीन की पत्नी-बेटे को राजद में शामिल करना इसी घबराहट का नतीजा है।

### अपराध और परिवारवाद राजद की राजनीति का मूलमंत्र : प्रभाकर मिश्र

» लालू जी और तेजस्वी जी का कभी नहीं बदल सकता नेचर और सिंगनेचर

» बिहार में आतंक का राज कायम करना चाहते हैं लालू-तेजस्वी

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने दिवंगत मोहम्मद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब और उनके पुत्र ओसामा शहाब के राजद में शामिल होने पर राजद प्रमुख लालू प्रसाद और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जमकर तंज कसते हुए कहा कि लालू और तेजस्वी जैसे नेताओं का नेचर और सिंगनेचर कभी नहीं बदल सकता। ये कुछ भी दिखावा करें, लेकिन इनका असली चरित्र लोगों के सामने आ ही जाता है। श्री मिश्र ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि शहाबुद्दीन की पहचान एक नेता के रूप में नहीं, बल्कि अपराधी के रूप में ज्यादा रही है।शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब और पुत्र ओसामा शहाब को राजद में वापसी कर तेजस्वी यादव ने बता दिया है राजद का आज भी वही एजेंडा है, जो लालू के जंगल राज के समय था। ठीक ही कहा है कि लत लक्षण बाय, मरले पर जय ।अपने कारनामों के कारण राजनीति से लेकर व्यक्तिगत जीवन में लालू जी की जो दुर्गति हुई है, वह जगजाहिर है, इसके बावजूद भी लालू जी की फितरत नहीं बदली। तेजस्वी जी भी अपने पिता का अंधानुकरण कर रहे हैं। श्री मिश्र ने कहा कि लालू जी और तेजस्वी जी ने बता दिया कि अपराध और परिवारवाद ही राजद का मूलमंत्र है। इनकी मंशा बिहार में फिर से आतंक और दहशत का माहौल कायम करना है। ये लोग बिहार में एक बार फिर 2005 के पहले वाली स्थिति कायम करना चाहते हैं, जब बिहार अपराध और नरसंहार के लिए जाना जाता था। लेकिन, एनडीए के रहते तेजस्वी जी की मंशा कभी पूरी नहीं होगी। बिहार की जनता 2025 में राजद का सूपड़ा साफ कर देगी।

### उपचुनाव में सभी 4 सीटों पर बड़े मार्जिन से जीत दर्ज करेगा एनडीए : संजय झा

» नीतीश सरकार की विकासकारी नीतियों से प्रभावित है प्रदेश की जनता : उमेश

**पटना।** रविवार को पार्टी प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में प्रखर समाजसेवी प्रणव कुमार पाण्डेय ने अपने कई साथियों के साथ जनता दल यू परिवार में घर वापसी की। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, विधानपार्षद सह कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, प्रो नवीन आर्य चंद्रवंशी एवं पार्टी के अन्य नेतागण मौजूद रहे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से अनिल कुमार शर्मा भी रहे। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि श्री प्रणव कुमार पाण्डेय सहित उनके परिवार के कई लोगों का समता पार्टी से गहरा जुड़ाव रहा है, परंतु अपने बेटे को क्रिकेटर बनाने एवं अपने कारोबार में अधिक व्यस्तता के कारण पार्टी को समय देने में अक्षम थे। उन्होंने पुनः जदयू परिवार में शामिल होकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत बनाने का निर्णय लिया है। श्री झा ने कहा कि प्रणव कुमार पाण्डेय के आने से पटना एवं मगध के क्षेत्र में संगठन को मजबूती मिलेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि उपचुनाव में सभी 4 विधानसभा सीटों पर एनडीए गठबंधन बड़े मार्जिन से जीत दर्ज करेगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री कुशवाहा ने कहा कि 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव बहुत नजदीक है और ऐसे समय में प्रणव कुमार पाण्डेय का जदयू परिवार में घर वापसी कई मायनों में महत्वपूर्ण है। हमारे नेता नीतीश कुमार ने अपने काम के बलबूते पूरे बिहारवासियों के दिलों में जगह बनाई है। जिसका नतीजा है कि समाज के प्रति सेवा का भाव रखने वाले लोगों का जदयू की तरफ लगातार आकर्षण बढ़ रहा है। साथ ही उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि श्री पाण्डेय और उनकी पूरी टीम पार्टी को मजबूती देने में कोई भी कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे।

### ओसामा और हीना शहाब को पार्टी में शामिल कराना लालू तेजस्वी की बढती हताशा का परिचायक : जदयू

**पटना।** जदयू के प्रदेश प्रवक्ता नवल शर्मा ने कहा कि उपचुनाव के ठीक पहले ओसामा और हीना शहाब को पार्टी में शामिल कराना लालू तेजस्वी की बढती हताशा का परिचायक है। आज के अल्पसंख्यक भाइयों को विकास चाहिए, पढ़ाई, दवाई, रोजगार और दंगामुक्त समाज चाहिए जो नीतीश कुमार दे रहे। अल्पसंख्यक वोटों को इजारा समझने की जिस गलती के चलते लालू का राज और ताज दोनों गया, फिर वही गलती कर रहे। अब वो दौर नहीं रहा कि झूठा डर दिखाकर या वोटों के सौदागरों की मदद से अल्पसंख्यकों को भ्रमित कर उनका वोट लिया जा सके। नीतीश सरकार की अल्पसंख्यक विकास और कल्याण योजनाओं के चलते यह वर्ग अब अपनी सुरक्षा जिसमें जान और पेट दोनों की सुरक्षा शामिल है और रोजगार के प्रति काफी जागरूक हो चुका है। आज के बिहार में मदरसों के आधुनिकीकरण से लेकर शिक्षा, छात्रवृत्ति, उद्यमिता से लेकर अल्पसंख्यक महिलाओं के विकास की अनगिनत योजनाओं के चलते इस वर्ग में जिस नए आत्मविश्वास का उदय हुआ है वह काबिलेगौर है। ऐसे में लालू चाहे किसी को शामिल करा लें, इससे कोई फर्क नहीं पड़नेवाला है।

# लालू और जगदानंद केवल परिवार की राजनीति कर रहे : पीके

नई सोच एक्सप्रेस

» भाजपा को वोट देने से नीतीश कुमार होंगे मजबूत, इससे बढ़ेगी आम जनता की समस्याएं

**पटना।** जन सुराज अभियान के सूत्रधार और पार्टी के स्टार प्रचारक प्रशांत किशोर ने रविवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दुर्गावती और रामगढ़ प्रखंड की कई पंचायतों का दौरा कर जन सभाओं को संबोधित किया। अहिवास, डुमरी, करारी, खजुरा, छाव, और खामीदौरा पंचायतों में आयोजित इन जन सभाओं में उन्होंने जन सुराज के समर्थन में जनता से वोट देने की अपील की। हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने प्रशांत किशोर के विचारों को गौर से सुना। अपने संबोधन में प्रशांत किशोर ने बिहार की राजनीति में व्याप्त जातिगत मानसिकता पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, लोगों का कहना है कि लालू प्रसाद जाति की राजनीति करते हैं, लेकिन हकीकत में यह जाति नहीं, बल्कि अपने परिवार की राजनीति है। अगर लालू यादव वास्तव में जाति की राजनीति कर रहे होते, तो वे पूरे यादव समाज को अपने साथ जोड़ते और कहते कि राज्य में यादव समाज का नेतृत्व होना चाहिए। परंतु वे केवल अपने परिवार और पुत्र को आगे बढ़ाने की बात करते हैं। इसी तरह, राजपूत समाज से आने वाले जगदानंद सिंह भी राजपूत समाज का प्रतिनिधित्व नहीं, बल्कि अपने परिवार के हित में राजनीति करते हैं। यह असल में एक परिवार-प्रधान राजनीति है, जो जाति के नाम पर लोगों को बांधने की कोशिश करती है। प्रशांत किशोर ने जनता को संदेश दिया कि बिहार में ऐसी राजनीति को बदला जाना चाहिए, जो केवल नेताओं के व्यक्तिगत और पारिवारिक लाभ के लिए की जाती है। नेता चाहे किसी भी जाति से हो, वे अपने परिवार और बच्चों का भला सोचते हैं, जबकि आम जनता जातिगत बंधनों में उलझे रहते है। इसके साथ ही, प्रशांत किशोर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनकी भाजपा सहयोगी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, लोग कह रहे हैं कि भाजपा से जो खड़ा है, उसी को वोट देंगे। तो अगर आप भाजपा के अशोक सिंह को वोट देंगे, तो नीतीश कुमार का हाथ मजबूत होगा। वही नीतीश कुमार जो स्मार्ट मीटर जैसी योजनाओं के माध्यम से जनता की समस्याएं बढ़ाई हैं, और अब जमीन सर्वे के माध्यम से जनता के लिए जमीन संबंधित नई समस्याएं उत्पन्न कर रहे हैं और जनता के पास जो जमीन हैं वो भी चला जाएगा। यदि आप भाजपा को वोट देंगे, तो आपकी समस्याएं और भी बढ़ेंगी।प्रशांत किशोर ने कहा कि राजद मुस्लिमों के रहनुमा होने का दावा करती है पर उन्होंने उप-चुनाव में एक भी मुस्लिम व्यक्ति को टिकट नहीं दिया। जन सुराज पार्टी द्वारा बेलागंज में मुस्लिम व्यक्ति को अपना उम्मीदवार बनाए जाने के बाद उन्होंने आज एक ऐसे परिवार को आज शामिल कराया है जिसके मय्यत में भी जाना इनको गवारा नहीं था। उन्होंने कहा कि राजद सिर्फ भाजपा का डर दिखाकर मुस्लिम समुदाय से उनका वोट लेते रहे हैं। लेकिन उन्हें उनकी आबादी के हिसाब से कभी प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। मुस्लिम समुदाय लालटेन में किरोसीन की तरह जलता रहा और लालू जी के परिवार में रोशनी होती रही। लेकिन जन सुराज और प्रशांत किशोर वादा करते हैं कि वे आपको आपका हक दिलाएंगे और मुस्लिम युवाओं को अपनी बुद्धि और संसाधनों का उपयोग करके राजनीति में अवसर भी प्रदान करेंगे।

## मुख्यमंत्री ने छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर सड़क मार्ग से विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारियों को लेकर सड़क मार्ग से विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान जे०पी० गंगा पथ से होते हुए दीघा के पाटीपुल घाट, जे०पी० सेतु पश्चिमी घाट, जे०पी० सेतु घाट, पहलवान घाट, एल०सी०टी० घाट, कलेक्ट्रेट घाट एवं कृष्णा घाट का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने दीघा के पाटीपुल घाट पर रुककर वहां की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये हर प्रकार से छठ घाटों को तैयार करायें। छठ व्रती सुगमतापूर्वक गंगा नदी के छठ घाटों तक आवागमन कर सकें, इसे ध्यान में रखते हुये रास्तों को दुरूस्त करायें। छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई परेशानी न हो, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। छठ व्रतियों की सुरक्षा के साथ-साथ उनकी सुविधाओं का विशेष ख्याल रखें ताकि उन्हें अर्घ्य देने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी डॉ० चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हुए सैयद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना साहब और बेटा ओसामा

नई सोच एक्सप्रेस



» तेजस्वी यादव बोले - इससे पार्टी होगी और मजबूत

**पटना।** सैयद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना साहब और उनके बेटे ओसामा राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में शामिल हो गए हैं। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया। इस मौके पर तेजस्वी यादव ने कहा कि हिना साहब और ओसामा के राजद में आने से पार्टी को सिवान और पूरे बिहार में मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा, "आज जो स्थिति है, उसमें हमें एकजुट रहना है। हिना साहब और ओसामा के आने से पार्टी मजबूत होगी और हमें व्यापक फायदा मिलेगा।" तेजस्वी यादव ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पर भी तीखा हमला किया। उन्होंने कहा, "गिरिराज सिंह को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। उनका काम सिर्फ नफरत फैलाना है, जो वो करते रहेंगे। इससे हमें कोई फर्क नहीं पड़ेगा।"

## क्रिकेटर ईशान किशन के पिता ने थामा जदयू का दामन, संजय झा बोले - मगध क्षेत्र में पार्टी को मिलेगी मजबूती

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** भारतीय क्रिकेटर ईशान किशन के पिता प्रणव पांडे ने जनता दल यूनाइटेड का दामन थाम लिया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद संजय झा ने कहा कि प्रणव पांडे का जदयू में शामिल होना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति उनकी आस्था को दर्शाता है। झा ने कहा, "ईशान किशन एक बड़े क्रिकेटर हैं, और उनके पिता के जदयू में आने से खासतौर पर मगध क्षेत्र में पार्टी को मजबूती मिलेगी।" इसके साथ ही, संजय झा ने तेजस्वी यादव के उस बयान का जवाब दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि बिहार में दंगा-फसाद के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिम्मेदार होंगे। झा ने कहा, "मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 19 साल के शासन में एक बार भी बिहार में कर्फ्यू नहीं लगा। यह साधारण बात नहीं है, उनके रहते बिहार में दंगा-फसाद नहीं हो सकता।" उन्होंने तेजस्वी पर निशाना साधते हुए कहा कि 1989 के भागलपुर दंगों के दोषियों को क्यों सम्मानित किया गया और सजा दिलाने में देरी क्यों की गई। संजय झा ने यह भी बताया कि 28 तारीख को एनडीए के बड़े नेताओं की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सीएम आवास पर एक अहम बैठक होनी है, जिसमें 2025 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा, बिहार विधानसभा की चार सीटों पर होने वाले उपचुनावों को लेकर भी संजय झा ने कहा कि "सारी सीटें हम जीत रहे हैं, और लोकसभा का जो मोमेंटम है, वह बरकरार रहेगा।"

## स्वामी सहजानंद किसान वाहिनी के अध्यक्ष सह बिहार भाजपा के क्षेत्रीय प्रभारी रवीन्द्र रंजन बिहार केशरी श्रीकृष्ण सिंह को आधुनिक बिहार का निर्माता बताया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** बिहार कला व सांस्कृतिक विकास परिषद के तत्वाधान में कंकड़बाग पटना के रॉक एंड रॉल संस्थान में आयोजित ''बिहार के विकास में श्रीकृष्ण सिंह के योगदान ''विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी सहजानंद किसान वाहिनी के अध्यक्ष सह बिहार भाजपा के क्षेत्रीय प्रभारी रवीन्द्र रंजन ने कहा की प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ श्रीकृष्ण सिंह आधुनिक बिहार के निर्माण में जो कार्य किया वह अविस्मरणीय है.बिहार केशरी ने न सिर्फ आजादी की लड़ाई में प्रमुख भूमिका निभाई वरन अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल में बिहार का जो विकास किया वह सदैव स्मरणीय रहेगा को लागू करके ही हम सामाज और प्रदेश का विकास कर सकते हैं। इस अवसर पर पटना नगर निगम के महापौर श्रीमती सीता साहू और रवीन्द्र रंजन के हाथों विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई विशिष्ट हस्तियों को बिहार ज्योति अवार्ड भी प्रदान किया गया ।अवार्ड पाने वाले रेखा झा गायन, चंदन कुमार नशा उन्मूलन विभाग, विक्टर फ्रांसिस,निर्देशक फिल्म,संजीव झा,नाट्य अभिनय और निर्देशक, जितेंद्र मोहन फाइन आर्ट और चन्द्र कला सिन्हा,समाज सेवा थे।इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वमोहन चौधरी संत ने कहा कि हमें ऐसे कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लेते और सभी को प्रोत्साहन देते।विशिष्ट अतिथि श्रीमती पूजा ऋतुराज ने श्री बाबू की जीवनी से प्रेरणा लेकर आगे बढकर काम करने पर जोर दिया. प्रसिद्ध लोकगीत कलाकार अरुण कुमार गौतम, जानी मानी कवियित्री श्रीमती रेखा झा, गज़लकार श्रीमती सुनीता रंजन,रवि रंजन, गायिका एलिजा बानो, उमेश कुमार, राम सिंहासन सिंह,सुप्रिया सिन्हा, वरिष्ठ रंगकर्मी आलोक चोपड़ा,स्वागत भाषण के साथ अपने विचार व्यक्त किये। अंत में धन्यवाद ज्ञापन पत्रकार राजीव रंजन ने बखूबी किया।

## भाजपा और आरएसएस नफरत एवं हिंसा को बढ़ावा दे रहा : भाकपा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव राम नरेश पाण्डेय ने कहा कि भाजपा और आरएसएस नफरत एवं हिंसा को बढ़ावा दे रही है। आरएसएस की मथुरा बैठक में जिस तरह के निर्णय लिए गए हैं, वह पूरी तरह समाज को बांटने वाला है और आपसी भाईचारा समाप्त करने वाला है। आरएसएस का बटेंगे तो कटेंगे बाला बयान पूरी तरह हिन्दू समाज को डराने वाला है। जब देश की राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सुप्रीम कोर्ट का जज हिन्दू है तो हिन्दू पर खतरा कब कैसे हो गया। जब भाजपा की जमीन खिसकने लगी है तो आर.एस.एस. से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक साम्प्रदायिकता को बढ़ावा देने वाले बयान देने लगे हैं। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि भाजपा हमेशा धर्म के नाम पर राजनीति करती है। पहले भाजपा नेताओं ने नारा दिया बटोगे तो कटोगे और अब उस पर आर.एस.एस. ने मुहर लगा दी है। इससे साफ है कि भाजपा और आर.एस.एस. हिंसा को बढ़ावा दे रही है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आरएसएस के बयान की निंदा करती है। वक्फ संशोधन विधेयक पर भी आरएसएस का बयान तनाव बढ़ाने वाला है।भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि बिहार में भी भाजपा और आर.एस.एस. के लोग साम्प्रदायिक तनाव पैदा कर रहे हैं। जिसका ताजा उदाहरण केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की यात्रा और अररिया से भाजपा सांसद प्रदीप कुमार सिंह का बयान है। प्रशासन समाज में तनाव पैदा करने वाले पर सख्त कार्रवाई करे।

# फतुहा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मोदी जी के मन की बातें






नई सोच एक्सप्रेस

**फतुहा।** माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बातें कोई भाजपा कार्यालय,तो कोई अपने-अपने निवास स्थान पर सुनी। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम को संबोधित किया। यह कार्यक्रम का 115 एपिसोड है पीएम ने अपने संबोधन में डिजिटल अरेस्ट का जिक्र किया पीएम ने बताया कि कैसे डिजिटल अरेस्ट के तहत फ्रॉड किया जा रहा है और लोगों की गाढ़ी कमाई को लूटा जा रहा है। पीएम ने दिवाली अवसर पर मेक इन इंडिया प्रोडक्ट ही खरीदने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में हर युग में नई चुनौती आई है लेकिन हमने उसे पार पाया है। पीएम ने इसी के साथ क्रांतिकारी बिरसा मुंडा को भी याद किया। पीएम ने कहा कि बिरसा मुंडा की जन्माष्टमी पर जाने का मौका मिला उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा की जयंती के लिए लोगों को अपनी राय देनी चाहिए इसके लिए उन्होंने मेल करने की अपील भी की। पीएम ने कहा कि यदि कोई फोन करें तो उसे कुछ भी बताने से पहले थोड़ा रुकना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर न तो बात करती है और न ही धमकी देती है, नहीं अरेस्ट की बात करती है यह सब आपको सोंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय साइबर के हेल्पलाइन 1930 पर बात करें और फ्रॉड होने से बचने के लिए एक्शन लें। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में टीवी के लोकप्रिय एनीमेटेड सीरियल छोटा भीम, मोटू ,पतलू और कृष्णा का जीक्र किया। भीम ने कहा कि आज दुनिया में भारत की क्रिएटिविटी की एनीमेशन की दुनिया में भारत की नई क्रांति आई है। यहां बने एनीमेटेड वीडियो को दुनिया भर में बहुत पसंद किया जा रहा है। सुनने वालों में भाजपा मीडिया प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल, भाजपा जिला मंत्री शोभा बेटी, भाजपा नगर मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, रेखा शर्मा, डॉ मनीषा बेटी, सीमा बेटी, अमिशा बेटी, पूजा बेटी, भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी, भाजपा जिला महामंत्री अरविंद यादव, भास्कर लाल पटवा , अनामिका पांडे, शोभा पटेल, ममता पटेल आदि। पुनम कुमारी, अनीता पाटनी, सत्येंद्र पासवान आदि।

## 180 पंचायतों में एचडब्ल्यूसी को अपने भवन के लिए जल्द उपलब्ध होगी जमीन

नई सोच एक्सप्रेस

» 354 एचडब्ल्यूसी और एचएससी के पास है अपना भवन

» नए बने भवनों को भी जल्द सौंपने का निर्देश

**पटना।** स्वास्थ्य विभाग पंचायत लेवल पर मौजूद स्वास्थ्य केद्रों के आधारभूत संरचना पर जोर दे रहा है। इसका असर न सिर्फ मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है बल्कि इसे स्वास्थ्य सुविधाओं के संचालन के साथ भी जोड़ा जा रहा है। राज्य स्वास्थ्य समिति की हाल में हुई समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिया गया कि जिलों के प्रखंडों में जितनी भी पंचायतें हैं, वहां पर भूमि से संबंधित प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराया जाये ताकि वहां पर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भवन का निर्माण शीघ्र कराया जा सके। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि राज्य के 534 प्रखंड में 180 ऐसी पंचायतें हैं जहाँ एचडब्ल्यूसी/एचएससी के भवन निर्माण के लिए जमीन नहीं है। इसके निराकरण के लिए बैठक में मुख्यतः तीन बिन्दुओं के आधार पर भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया. ऐसे एचडब्ल्यूसी जो किराये के भवन में संचालित हो रहे हों, भवन की स्थिति जर्जर हो चुकी हो एवं स्वास्थ्य केंद्र जो पंचायत भवन/आंगनवाड़ी केंद्र एवं अन्य स्थान पर संचालित हो रहे हों। जिलों को यह भी निर्देश दिया गया कि भूमि की अनुशंसा से पहले उस स्थान पर भवन का निर्माण हो सकता है अथवा नहीं, ऐसे जगहों को चिन्हित किया जाये ताकि विधायक एवं जिला पदाधिकारी की अनुशंसा से उस स्थान पर भवन निर्माण के क्रम में कोई कठिनाई न हो। सभी जिलों में किसी न किसी स्थान पर स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण किया जा रहा है. जिलों को यह भी निर्देश दिया गया कि जिन जिन जगहों पर बीएमएसआईसीएल द्वारा निर्माण कार्य के बाद उद्घाटन हो चुका है उन संस्थानों का हैंड ओवर लेकर उसे क्रियाशील किया गया है अथवा नहीं इसकी सूची तैयार कर प्रतिवेदित किया जाए। यदि क्रियाशील नहीं किया गया है तो उसके कारणों की सूचना लिखित रूप से मुख्यालय को उपलध कराया जाए ताकि बीएमएसआईसीएल के साथ समन्वय स्थापित कर इसका निष्पादन किया जा सके।

## जदयू कार्यकर्ताओं को बैठक में श्याम रजक ने दिया चुनाव में जीत का मंत्र



नई सोच एक्सप्रेस

**फुलवारी शरीफ़।** फुलवारी विधानसभा अंतर्गत रामकृष्ण नगर सेक्टर में सेक्टर के कार्यकारिणी की बैठक आहुत की गई, जिसमें पार्टी को बूथ स्तर तक पहुंचाने एवं बूथ जीतों, चुनाव जीतों के मूलमंत्र दिया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक पटना महानगर अध्यक्ष आसिफ़ कमाल , सेक्टर के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद महानगर के उपाध्यक्ष मंटू सिंह , फुलवारी जदयू के प्रखंड अध्यक्ष रामप्रवेश पंकज सिंह पटेल , एस के सुमन , विपुल कुमार कौशलेंद्र चौधरी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित होकर आगामी विधान सभा चुनाव को जीतने का संकल्प लिया. इस कार्यक्रम में कई लोगों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार में विश्वास करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया।

संक्षिप्त समाचार

## दीपावली, उर्स एवं महापर्व छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**दानापुर**। दीपावली , उर्स एवं महापर्व छठ पूजा को लेकर खगौल थाना में शांति समिति की बैठक स्थानीय थाना प्रभारी सुनील कुमार की अध्यक्षता में हुई। थानाध्यक्ष ने कहा कि 31 अक्टूबर को ही दीपावली में अगर किसी को मां लक्ष्मी की मूर्ति बैठा कर पूजा करते हैं, तो उन लोगों को थाना में आवेदन देते कर लाइसेंस लेना होगा। जो लोग बिना लाइसेंस के पूजा पंडाल व सार्वजनिक जगहों पर मूर्ति बैठायेंगे ,उन लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। पूजा पंडाल व मूर्ति विसर्जन में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उहोंने कहा कि सार्वजनिक जगह पर पटाखा ना छोड़ें साथ ही जो पटाखा दुकान लगाएंगे उनको पुलिस प्रशासन के गाईड लाइन के अनुसार लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा तभी पटाखा दुकान की खोलने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्व पूजा या किसी चीज में खलल पैदा करते हैं तो इसकी सूचना तत्काल खगौल प्रशासन को दे। ऐसे असामाजिक तत्वों पर पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगी। बैठक में थाना के अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार,सब इंस्पेक्टर एकता कुमारी, सहायक अवर निरीक्षक ईश्वर मांझी , बरखा कुमारी, मधु कुमारी, खुशबू कुमारी आदि मौजूद थे। शांति समिति के सदस्यों में वार्ड पार्षद महेंद्र कुमार सिंह, चंदू प्रिंस, मोहम्मद शाहनवाज उर्फ रिंकू, मोहम्मद मनोहर, अजय कुमार यादव ,विश्वामित्र उपाध्याय, उमा गुप्ता अनिल कुमार गुप्ता सहित आदि उपस्थिति थे।

## और 04 जोड़ी स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**हाजीपुर**। दीपावली एवं छठ के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों काG परिचालन किया जा रहा है । इसी कड़ी में और 04 जोड़ी स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है।

**गाड़ी संख्या 09803/09804 कोटा-दानापुर-कोटा स्पेशल-** गुना, सागर, कटनी, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. के रास्ते कोटा और दानापुर के मध्य गाड़ी संख्या 09803/09804 कोटा-दानापुर-कोटा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । इस स्पेशल ट्रेन में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 19 कोच होंगे । यह स्पेशल कोटा से 27.10.2024 से 10.11.2024 तक प्रत्येक रविवार एवं गुरूवार को तथा दानापुर से 28.10.2024 से 11.11.2024 तक प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को परिचालित की जायेगी । गाड़ी सं. 09803 कोटा-दानापुर स्पेशल कोटा से रविवार एवं गुरूवार को 21.25 बजे खुलकर अगले दिन 20.00 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 09804 दानापुर-कोटा स्पेशल सोमवार एवं शुक्रवार को दानापुर से 21.30 बजे खुलकर अगले दिन 22.25 बजे कोटा पहुंचेगी । **गाड़ी संख्या 05739/05740 पटना-न्यूजलपाईगुड़ी-पटना स्पेशल-** सिलीगुड़ी, किशनगंज, कटिहार, बरौनी, मोकामा के रास्ते न्यूजलपाईगुड़ी और पटना जं. के मध्य गाड़ी संख्या 05739/05740 पटना-न्यूजलपाईगुड़ी-पटना स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । इस स्पेशल ट्रेन में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 06 कोच, तृतीय वातानुकूलित इकोनोमी श्रेणी का 01 कोच एवं शयनयान श्रेणी के 06 कोच होंगे । यह स्पेशल 02.11.2024 से 30.11.2024 तक न्यूजलपाईगुड़ी एवं पटना जं. से प्रत्येक शनिवार को परिचालित की जायेगी । गाड़ी सं. 05740 न्यूजलपाईगुड़ी-पटना स्पेशल न्यूजलपाईगुड़ी से शनिवार को 05.00 बजे खुलकर उसी दिन 17.40 बजे पटना जं. पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 05739 पटना-न्यूजलपाईगुड़ी स्पेशल शनिवार को पटना जं. से 19.30 बजे खुलकर अगले दिन 09.30 बजे न्यूजलपाईगुड़ी पहुंचेगी । **गाड़ी संख्या 07541/07542 कटिहार-दौरम मधेपुरा-कटिहार स्पेशल-** पूर्णिया, बनमनखी, जानकीनगर, मुरलीगंज के रास्ते कटिहार और दौरम मधेपुरा के मध्य गाड़ी संख्या 07541/07542 कटिहार-दौरम मधेपुरा-कटिहार स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । यह स्पेशल 28.10.2024 से 30.11.2024 तक प्रतिदिन कटिहार और दौरम मधेपुरा के मध्य परिचालित की जायेगी । गाड़ी संख्या 07541 कटिहार-दौरम मधेपुरा स्पेशल कटिहार से प्रतिदिन 19.00 बजे खुलकर 22.00 बजे दौरम मधेपुरा पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 07542 दौरम मधेपुरा-कटिहार स्पेशल दौरम मधेपुरा से प्रतिदिन 22.45 बजे खुलकर देर रात्रि 02.30 बजे कटिहार पहुंचेगी । **गाड़ी संख्या 05744/05743 कटिहार-छपरा-कटिहार स्पेशल -** नवगछिया, मानसी, खगड़िया, बरौनी, शाहपुर पटोरी, हाजीपुर सोनपुर के रास्ते कटिहार और छपरा के मध्य गाड़ी संख्या 05744/05743 कटिहार-छपरा-कटिहार स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । इस स्पेशल का परिचालन कटिहार से 27.10.2024 से 28.11.2024 तक प्रत्येक बृहस्पतिवार, रविवार एवं सोमवार को तथा छपरा से 28.10.2024 से 29.11.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार, सोमवार एवं मंगलवार को किया जायेगा। गाड़ी सं. 05744 कटिहार-छपरा स्पेशल कटिहार से 16.00 बजे खुलकर देर रात्रि 00.20 बजे छपरा पहुंचेगी। वापसी में 05743 छपरा-कटिहार स्पेशल छपरा से 04.30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन से 12.30 बजे कटिहार पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 12, साधारण श्रेणी के 05 कोच होंगे ।

## सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तीन दिवसीय दिवाली मेला - 2024, हस्तनिर्मित वस्तुओं की खूब हुई बिक्री



**पटना**। बिहार महिला उद्योग संघ द्वारा राजीव नगर स्थित देव दरबार विवाह भवन में आयोजित दिवाली मेला - 2024 सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत बिहार सरकार की पूर्व मंत्री रेणु कुमारी कुशवाहा, बिहार म्यूजियम के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा, शिक्षाविद ममता मेहरोत्रा, लघु उद्योग भारती के महासचिव सुमन शेखर व बिहार महिला उद्योग संघ की अध्यक्ष उषा झा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मेला के अंतिम दिन लोगों ने जमकर खरीदारी की। समापन कार्यक्रम में आगत अतिथियों द्वारा मेला में लगाए गए सभी स्टॉल्स को मोमेंटो, अंगवस्त्र एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। आगत अतिथियों ने इस सफल आयोजन के लिए बिहार महिला उद्योग संघ को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय कामगारों और उद्यमियों का हौसला बढ़ता है। बिहार महिला उद्योग संघ की अध्यक्ष उषा झा ने कहा कि इस मेले में खरीदारी को लेकर लोगों की अच्छी भीड़ रही। हस्तनिर्मित वस्तुओं के प्रति लोगों का अच्छा रुझान रहा। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य स्थानीय कारीगरों को उद्यमियों को मंच देना है ताकि वो अपने द्वारा तैयार किये गए वस्तुओं को प्रदर्शित और बेच सकें। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में 40 से अधिक स्टॉल्स लगाए गए थे जिनमें दिवाली का दिया, तोरण, रेडीमेड रंगोली व दिवाली के डिज़ाइनर आइटम्स, रेडीमेड वस्त्र, हेंडीक्राफ्ट आइटम्स, दिया, पूजा वस्त्र, तोरण, छठ पूजा के सामान, अचार जैसी वस्तुओं की खूब बिक्री हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिहार महिला उद्योग संघ की मेनका सिन्हा, किरण रंजन, साधना झा, पूर्णिमा रॉय, रुचि चौधरी, अंकिता तिवारी की मुख्य भूमिका रही।

# स्तन कैंसर जागरूकता के लिए पिंक कार्निवल का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

» पाटलिपुत्र गोलंबर से जे पी सेतु तक आयोजित कार रैली में शामिल हुए लोग



**पटना**। पाटलिपुत्र गोलंबर स्थित सन हॉस्पिटल की ओर से 8वां वार्षिक पिंक कार्निवल का आयोजन किया गया। ब्रेस्ट कैंसर मंथ में महीने भर हॉस्पिटल द्वारा मरीज और परिजनों के लिए आयोजित अन्य जागरूकता कार्यक्रम के उपरांत इस भव्य आयोजन की शुरुआत बिहार विधान परिषद की सदस्य अनामिका सिंह, आईपीएस विनय कुमार, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार गोस्वामी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रुमा गोस्वामी, समाजसेविका बबीता सिन्हा, महावीर कैंसर संस्थान की डॉ. विनिता त्रिवेदी, डॉ. शेखर कुमार केसरी द्वारा ब्रेस्ट कैंसर से जुड़े जागरूकता संदेश लिखे पिंक बलून उड़ा कर की गई। इसके उपरांत लगभग 100 कार और 50 बाइक में पिंक कलर में सजे हाथ में पिंक बैलून और जागरूकता संदेश लिए बच्चे व चिकित्सकगण कार रैली में सम्मिलित हुए जो हॉस्पिटल परिसर से शुरू होकर जे पी गंगा पथ होते हुए जलालपुर फन पार्क, जे पी सेतु से उत्तर सोनपुर में जाकर समाप्त हुई। लगभग 10 किलोमीटर की रैली के उपरांत पार्क में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए कार्निवाल के आयोजक और सन हॉसपीटल पाटलिपुत्र के निदेशक वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार गोस्वामी ने कहा की ब्रेस्ट कैंसर महिलाओं में होने वाले कैंसर में सबसे पहले नंबर पर है और इस कैंसर में चिकित्सा उपरांत सफलता का प्रतिशत भी काफी अधिक है बशर्ते मरीज शुरुआत में ही चिकित्सक के पास पहुँचे और यह तभी संभव है जब इस बीमारी के प्रति लोग खासकर महिलाओं में जागरूकता हो। डॉ. गोस्वामी ने बिमारी संबंधित जागरूकता में स्व जागरूकता पर जोर देते हुए कहा की महिलाओं को नियमित रूप से स्व स्तन परीक्षण करना चाहिए और किसी भी तरह की असमानता जैसे कोई गांठ (दर्द हो या न हो), स्तन के चमड़े में कोई परिवर्तन या किसी भी तरह का स्त्राव हो तो संकोच छोड़कर चिकित्सक की सलाह लेना चाहिए। 45 वर्ष के उपरांत महिलाओं को प्रत्येक वर्ष मैमोग्राफी (स्तन के एक प्रकार की सामान्य जांच) जरूर करवाना चाहिए जिससे जोखिम के बारे में पता चले और अगर जरूरत हो तो समय से इलाज किया जा सके। ब्रेस्ट कैंसर के मरीजों के इलाज में मरीज के अलावा परिवार और समाज की भूमिका को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वर्ष का थीम ही दिया है - नो वन शुड फेस ब्रेस्ट कैंसर अलोन। ब्रेस्ट कैंसर से बचाव के बारे में बात करते हुए वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रूमा गोस्वामी ने कहा की अभी के समय की अनियमित जीवन शैली, अत्यधिक मानसिक तनाव, देरी से अधिक उम्र में शादी, जंक फूड आदि का इस बीमारी के होने में बहुत अधिक योगदान है तो स्वस्थ जीवन शैली अपनाना, नियमित कसरत, योग, नियंत्रित भोजन आदि के द्वारा इससे बहुत हद तक बचा जा सकता है। कार्यक्रम में पटना के अनेक कैंसर रोग विशेषज्ञ सहित विभिन्न क्षेत्र के लगभग 400 लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जागरूकता संदेशों के साथ एवं रोजाना कसरत से होने वाले फायदा, बिना तनाव के जीवन आदि को दर्शाते हुए सा रे गा एकेडमी पाटलिपुत्र पटना के बच्चों ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में लायंस क्लब, रोटरी क्लब, और इनर व्हील क्लब पटना की भी सहभागिता रही।

## विश्व शांति के अग्रदूत रहे डॉ एस एन सुब्वा राव - प्रेम कुमार



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। दुनिया के लिए शांति के मसीहा विश्व शांति के अग्रदूत डॉ एस एन सुब्बा राव भाईजी का पुण्यतिथि के अवसर पर प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से युवा चेतना शिविर का आयोजन फाउंडेशन के प्रांगण गोविंदपुर ,पटना में किया गया । शिविर का उद्घाटन फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने भाईजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया । अपने संबोधन में उन्होंने भाईजी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि भाईजी एक व्यक्ति न होकर व्यक्तियों के जुलुश थे । मात्र तेरह वर्ष के वाल्यावस्था में दीवाल पर अंग्रेजो भारत छोड़ो का नारा लिखने के कारण फिरंगियों ने भाईजी को जेल भेज दिया इससे भाईजी की हौसला और बढ़ गया । वे महात्मा गांधी और विनोबा जी के सम्पर्क में आ गये और आजादी के जंग में कूद पड़े । आजादी के बाद कुछ दिनों तक ये कांग्रेस सेवा दल से जुड़े रहे लेकिन इन्हें राजनीति रास नही आयी और इन्होंने राष्ट्रीय युवा योजना का गठन किया और भारत मे युवा शिविर आयोजित करने लगे देखते देखते पूरे भारत मे युवाओ की फौज एनवाई पी से जुड़ गया । भाईजी की पूरा जीवन सादगी में गुजर गया । इन्होंने अविवाहित रहकर माँ भारती की सेवा में अपनी आहुति दे दी । भाईजी के सपनों को साकार करने के लिए फाउंडेशन के स्वयंसेवक देश भर में सक्रिय है ।युवा चेतना शिविर को संबोधित करने बालो में हिमांशु शर्मा, सुनील कुमार, विकास कुमार, दिलीप कुमार , नेहा वर्मा, मोनिका झा समेत सैंकड़ो की संख्या में युवाओं ने भाग लिया । दूसरी ओर हरनौत में सद्भावना मंच की ओर से दीपक भाई, जन प्रगति सेवा संस्थान की ओर से संजय कुमार बबलु , मुजफ्फरपुर में भाई जी के परम सहयोगी मुकेश चन्द्र झा एवं प्रभात कुमार की ओर से पुण्यतिथि मनाया गया ।

# व्यक्ति को उनके सेंसरी सिस्टम के साथ बेहतर तालमेल बनाने में मददगार होता है सेंसरी इंटीग्रेशन थेरेपी

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। व्यक्ति को उनके सेंसरी सिस्टम (संवेदनात्मक तंत्र) के साथ बेहतर तालमेल बनाने में सेंसरी इंटीग्रेशन थेरेपी मदद करती है। इसका उद्देश्य उन व्यक्तियों की मदद करना है जिन्हें विभिन्न प्रकार की सेंसरी समस्याएं होती हैं। उक्त बातें नई दिल्ली के चेतना फाउंडेशन निदेशक डॉ संतोष कुमार ने कही। बिहार कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी एंड आक्यूपेशनल थेरेपी विकलांग भवन अस्पताल कंकड़बाग पटना के तत्वावधान में रविवार को विश्व आक्यूपेशनल थेरेपी दिवस के अवसर पर समारोह आयोजित किया गया था। विश्व आक्यूपेशनल थेरेपी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों का स्वागत संयोजक सचिव डॉ अभय कुमार जायसवाल ने करते हुए बताया कि इस वर्ष का थीम "सभी के लिए व्यावसायिक चिकित्सा" है। यह चिकित्सा शारीरिक, मानसिक या मनोवैज्ञानिक सीमा से निपटने और रोजमर्रा की जिन्दगी में बेहतर प्रबंधन करने में मदद करती है। इससे स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है, साथ ही सामाजिक एवं पारिवारिक गतिविधियों में भाग लेना आसान हो जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत मानव श्रृंखला बनाकर किया गया। इसके बाद कॉलेज के सभागार में पोस्टर प्रेजेंटेशन हुआ ।कार्यक्रम का उद्घाटन विकलांग भवन अस्पताल, पटना के विभागाध्यक्ष डॉ किशोर कुमार, फिजियोथेरेपी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मनोज कुमार, आक्यूपेशनल थेरेपी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रियदर्शी आलोक, चेतना फाउंडेशन नई दिल्ली के निदेशक डॉ संतोष कुमार, एकेडमिक इंचार्ज डॉ ए के जायसवाल डॉ मनोज कुमार, डॉ सुभद्रा, डॉ उदय कुमार, डॉ उमेश कुमार, एवं दिव्य रश्मि फाउंडेशन के अध्यक्ष व इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट (IFWJ) के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। "विश्व आक्यूपेशनल थेरेपी दिवस" के अवसर पर चेतना फाउंडेशन नई दिल्ली के निदेशक डॉ संतोष कुमार ने Emerging Trends in Sensory Integration Therapy के महत्व को बताते हुए कहा कि सेंसरी इंटीग्रेशन थेरेपी एक प्रकार की थेरेपी है जो व्यक्तियों को उनके सेंसरी सिस्टम ( संवेदनात्मक तंत्र) के साथ बेहतर तालमेल बनाने में मदद करती है। इसका उद्देश्य उन व्यक्तियों की मदद करना है जिन्हें विभिन्न प्रकार की सेंसरी समस्याएं होती है जैसे कि स्पर्श, ध्वनि, दृष्टि या अन्य इंद्रियों से जुड़ी अति या अल्प संवेदनशीलता। यह थेरेपी न केवल बच्चों के लिए उपयोगी है बल्कि सभी आयु समूहों के लिए फायदेमंद हो सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि बच्चों में यह थेरेपी ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर या अन्य विकासात्मक विकारों के लिए दी जाती है। किशोरों एवं युवाओं में यह थेरेपी उन्हें अधिक ध्यान केंद्रित करने, सामाजिक रूप से व्यवहारिक बनाने और शारीरिक संतुलन को सुधारने में मदद कर सकती है। वयस्कों और बुजुर्गों में यह थेरेपी तनाव, चिंता और भावनात्मक समस्याओं के प्रबंधन में सहायक हो सकता है।यह थेरेपी आमतौर पर एक विशेष रूप से प्रशिक्षित आक्यूपेशनल थेरेपिस्ट द्वारा दी जाती है।यह थेरेपी व्यक्तियों के इंद्रियों के अनुकूल बनाई जाती है, जिसमें विभिन्न उपकरणों, गतिविधियों और खेलों का उपयोग किया जाता है। उदाहरण के लिए स्विंग्स,ट्रैम्पोलिन,टच सेंसेटिव गेम्स आदि का उपयोग किया जा सकता है। ऑल इंडिया आक्यूपेशनल थेरेपिस्ट संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पंकज बाजपेई ने वीडियो कांफ्रेंसिंग (वर्चुअल मोड) के माध्यम से विश्व आक्यूपेशनल थेरेपी दिवस की शुभकामनाएं दी और आक्यूपेशनल थेरेपी के महत्व को बताते हुए कहा कि व्यावसायिक चिकित्सा स्वास्थ्य सुधार की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम हो सकती है।यह न केवल व्यक्तियों की जीवन गुणवत्ता को सुधारता है, बल्कि उन्हें समाज और कार्यक्षेत्र में सशक्त भी बनाता है। कॉलेज प्रशासन की ओर से दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन, पटना के निदेशक व दिव्य रश्मि पत्रिका के संपादक डॉ राकेश दत्त मिश्र, दिव्य रश्मि फाउंडेशन के अध्यक्ष व दिव्य रश्मि पत्रिका के उप संपादक व इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट (IFWJ) के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिन्हा एवं राजनीति चाणक्य पत्रिका एवं दिव्य रश्मि पत्रिका के पत्रकार सुरेन्द्र कुमार रंजन को पुष्प गुच्छ और स्मृति चिह्न (मूमेंटो) देकर सम्मानित किया। द्वितीय सेशन में कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अंत में प्रमाण पत्र वितरित किया गया। मंच का संचालन डॉ जबीन, रत्नप्रिया और शिवम ने संयुक्त रूप से किया। पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण आक्यूपेशनल थेरेपी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रियदर्शी आलोक के द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन आक्यूपेशनल थेरेपी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रियदर्शी आलोक ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिहार कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी एंड आक्यूपेशनल थेरेपी विकलांग भवन अस्पताल, पटना के विभागाध्यक्ष सह नियंत्रण पदाधिकारी डॉ किशोर कुमार, कार्यक्रम के संयोजक सचिव डॉ अभय कुमार जायसवाल, आक्यूपेशनल थेरेपी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रियदर्शी आलोक, डॉ उदय कुमार, डॉ आर सी विद्यार्थी,डॉ सज्जन कुमार, डॉ रवि, डॉ प्रमोद भारती,, डॉ जबीन, डॉ अनामिका, डॉ अनिता, डॉ युक्ता, डॉ नोमान परवेज, डॉ पुष्पा, डॉ अविनाश सहित आक्यूपेशनल थेरेपी विभाग में पदस्थापित सभी व्यावसायिक चिकित्सकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन को सफल बनाने में फिजियोथेरेपी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मनोज कुमार, डॉ उमेश कुमार सहित कॉलेज के सभी फिजियोथेरेपिस्टों की भूमिका भी सराहनीय रही।

## कॉलेज ऑफ कॉमर्स में तलाश का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न हुआ

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। रविवार को तलाश का वार्षिक सम्मेलन कॉलेज ऑफ कॉमर्स के वाणिज्य सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुरूआत तलाश गीत से हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज ऑफ कॉमर्स आर्ट्स एण्ड साइंस पटना के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) इन्द्रजीत प्रत्ताद राय के साथ विशिष्ट अतिथीयों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर तलाश का स्मारिका और संवाद कार्यक्रम के संयोजक शिवकुमार की पुस्तक 'परिवर्तन (काव्य संग्रह) का लोकार्पण किया गया। उन्होंने तलाश के कार्यो और उद्देश्यों को सराहा और कहा कि विद्यार्थियों के लिए तलाश द्वारा आयोजित संवाद प्रतियोगिता एक अच्छी पहल है। तलाश के द्वारा किये जा रहे संवाद कार्यक्रम से विद्यार्थियों के सोंच में एक और परिपक्वता तो आएगी उन्हें देश के अच्छे नागरिक बनने में मददगार भी बनेगा। उन्होंने कहा कि 'परिवर्तन' पुस्तक में लगभग सभी काव्य राष्ट्रीयता पर आधारित है। विशिष्ट अतिथि डॉ. नीना कुमार ने कहा कि तलाश के माध्यम से बच्चों के बीच विभिन्न समसामयिक विषयों पर जागरूकता फैलाने का प्रयास को जारी रखने की जरूरत है। बच्चे तो देश के भविष्य हैं। तलाश के द्वारा बच्चों को सही मार्गदर्शन के साथ जागरूक भी किया जा रहा है। डॉ. विश्वेन्द्र कुमार ने तलाश का परिचय देते हुए कहा कि तलाश वर्षों से समाज के विकास और बदलाव के लिए वैचारिक अभियान को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। इस मुहिम को आम आदमी तक ले जाने का प्रयास जारी रहेगा। संवाद कार्यक्रम के संयोजक ने कहा कि वर्तमान समय में देश के युवा पीढ़ी के मन में अच्छे विचारों का बीजारोपण का प्रयास लगातार तलाश विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर धनवन्त सिंह राठौर, राजकुमार मिश्रा, डॉ. उमाशंकर सिंह, उमाजी के साथ बडी संख्या में विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राएं एवं विद्वतजन मौजूद रहे।

## रधक स्टूडियो स्टोर का शुभारंभ बॉलीवुड की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री ईशा गुप्ता ने किया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। बिहार का पहला लग्जरी कुट्योर, रधक स्टूडियो, पटना, के नए और भव्य एक्सपीरियंस स्टोर का शुभारंभ बॉलीवुड की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री ईशा गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर रधक स्टूडियो के ऑनर आकाश केडिया और राधिका सरावगी ने आने वाले अतिथियों का स्वागत किया।रधक स्टूडियो विशेष रूप से सभी प्रकार के डिजाइनर परिधानों में विशेषज्ञता रखता है। चाहे वह खास अवसरों के लिए हो या आरामदायक दैनिक पहनावे के लिए, हम ग्राहकों को अपने हर परिधान में उत्कृष्टता और शैली का अनुभव कराते हैं। इस नए अनुभव स्टोर में, हम पहली बार अपने पुरुषों के कलेक्शन को भी प्रस्तुत करने जा रहे हैं। इसके साथ ही, स्टोर में अब ज्वेलरी और विभिन्न परिधान एक्सेसरीज भी उपलब्ध होंगी, जिससे हमारे ग्राहकों को संपूर्ण और शानदार अनुभव प्राप्त होगा। हमारे साथ जुड़कर बिहार के इस पहले लग्जरी कुट्योर का हिस्सा बनें और खुद को रधा स्टूडियो के विशेष कलेक्शन के साथ एक नए रूप में प्रस्तुत करें। स्टूडियो के ओपनिंग मे आरजे अंजलि ने भी शिरकत किया और रधक स्टूडियो से संबंधित जानकारी को साझा किया।

## महिला सदस्यता एव सक्रिय सदस्यता अभियान के लिए महा सम्पर्क अभियान :भोला सिंह

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। ब्रह्मपुर विधानसभा के ब्रह्मपुर मंडल के गायघाट शक्तिकेन्द्र के अभय सिंह के आवास पर ब्रह्मपुर मंडल अध्यक्ष बिनोद तिवारी उर्फ भुटेली तिवारी के अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ। इस अभियान मे भाजपा के जिला अध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह उपस्थित रहे । जिलाध्यक्ष को अभय सिंह ने अंग वस्त्र से सम्मानित किया । जिलाध्यक्ष भोला सिंह ने कहा कि ब्रह्मपुर विधान सभा मे सदस्यता अभियान को गति देने की जरूरत है आप सभी कार्यकर्ताओ के मेहनत के बल पर ही ब्रह्मपुर विधान सभा एक नं पर पहुंचे यही मेरी आप सभी से आग्रह है और ब्रह्मपुर सक्रिय सदस्य मे नं 1 रहे । इस अभियान मे भाजपा जिला मंत्री दिलीप चंद्रवंशी , राजु यादव, जिला प्रवक्ता रामजी तिवारी, मंडल अध्यक्ष चक्की विनोद उपाध्याय, बगेन मंडल अध्यक्ष उदय उज्जैन, भाजपा युवा मोर्चा ब्रह्मपुर मंडल अध्यक्ष पिन्टु सिंह उज्जैन, मंडल उपाध्यक्ष ब्रह्मपुर ब्रजेश चौबे, बगेन मंडल महामंत्री मनजी पासवान, मंडल उपाध्यक्ष अविनाश सिंह, जयकांत मिश्रा, बिनोद पान्डेय, संतोष ओझा, बबलु सिंह, अभय सिंह, रामराज शर्मा, सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे ।

## इस्कॉन में होगा दीपोत्सव, जगमगायेगा 1 लाख 25 हजार दीपक

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। अयोध्या की तरह इस्कॉन पटना में भी भव्य दीपोत्सव का आयोजन हो रहा है। 1 नवम्बर 2024 को 1 लाख 25 हजार दीपक से इस्कॉन मंदीर पटना में दीपोत्सव मनाया जायेगा। इस संबध में इस्कॉन के प्रवक्ता नंद गोपाल दास ने कहा, ''यह मास भगवान दामोदर को समर्पीत है, इसलिए इसमें दीपदान का विशेष महत्व है और इस्कॉन पटना में पूरे माह दीपदान किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि, 1 नवम्बर को दीपोत्सव का आयोजन होगा तथा 2 नवम्बर को मंदिर परिसर में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया है। जिसमें हलवा का गोर्वधन पर्वत बनाकर भगवान को समर्पित किया जायेगा तथा विशेष पूजा व गोर्वधन पर्वत परिक्रमा के पश्चात् समस्त भक्तों के बीच महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। गोवर्धन पूजा के दिन गोर्वधन पर्वत परिक्रमा का विशेष लाभ है तथा भगवान कि कृपा एवं जीव की मुक्ति सुनिश्चित होती है। श्री दास ने बताया कि, बिहार में छठ महापर्व का विशेष महत्व है, इसलिए हमलोग छठ व्रतियों के लिए छठ सामग्री का यथा संभव निःशुल्क वितरण करेगें। इसके लिए 3 नवम्बर से मंदिर परिसर में रजिस्ट्रेशन प्रारंभ की जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### भारी मात्रा में शराब के साथ दो गिरफ्तार

**छपरा।** जनता बाजार थाना की पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के शोभीपुर गांव से भारी मात्रा में शराब एवं शराब निर्माण करने वाली शामग्रियों को बरामद करने के साथ दो लोगों को गिरफ्तार भी किया। बरामद सामग्रियों में गैस सिलेंडर, तसला, प्लास्टिक के जर्किंग (डब्बा), ड्राम, चूल्हा आदि शामिल है, जबकि गिरफ्तार लोगों में स्थानीय थाना क्षेत्र के लौआ खुर्द गांव निवासी विजेन्द्र कुमार तथा शोभीपुर निवासी नीरज कुमार बताये जाते हैं।वहीं एक शराबी भी पकड़ा गया है जो सिवान जिला के भगवानपुर हॉट थाना क्षेत्र के नदुआ गांव का प्रमोद कुमार बताया जाता है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्रीय शराब कारोबारियों में हड़कंप है।

### हथियार के साथ एक गिरफ्तार

**सुगौली।** स्थानीय पुलिस ने एक देसी पिस्टल,एक जिंदा कारतूस व बाइक सहित एक अपराधी को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति हथियार के साथ बाइक से बेतिया से सुगौली की ओर तेजी से आ रहा है।सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने गश्ती टीम की इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही त्वरित करवाई करते हुए पुलिस ने सघन वाहन जांच शुरू कर दी। वाहन जांच के दौरान एक देसी पिस्टल,एक जिंदा कारतूस व बाइक के साथ एक युवक को पकड़ा गया।जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के केशव के रूप में की गई।छापेमारी में थानाध्यक्ष अमित सिंह,अपर थानाध्यक्ष अभिनव राज,एसआई राजेश कुमार,राजकिशोर सिंह,मोना कुमारी,पीटीसी रविन्द्र यादव,चौकीदार महेंद्र पासवान व पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### घायल बालक की मौत ईलाज के दौरान

**सुगौली।** थाना क्षेत्र के सुगौली रक्सौल मुख्य पथ में बडहरवा हिन्दी विधालय के समीप कार की ठोकर से एक जख्मी बच्चा का इलाज के दौरान मौत हो गया। बच्चे का शव गांव में पहुंचते ही मातमी सन्नाटा पसर गया।मृतक की माता,पिता,भाई व बहन शव से लिपट कर चीखने चिल्लाने लगे।बच्चे की मौत की खबर मिलते एक झलक देखने के लिए गांव के लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी।जो भी देखने आता था तो वह अपने आंखों में आंसू को रोक नही पाता था।मृतक की माँ रोते रोते बेहोश हो जा रही थी।लोग लाख समझा रहे थे,लेकिन वह पागल सा हो गई थी। हंसते खेलते परिवार में दुख का पहाड़ टूट गया।मृतक के परिजन ठोकर मारने वाले के खिलाफ कड़ी करवाई की मांग कर रहे थे। मुखिया असफाक आलम,सरपंच ओमप्रकाश सिंह, ब्रह्देव सहनी, रविन्द्र सहनी, मनोज सहनी सहित कई लोग गहरी शोक प्रकट किए। बता दे कि प्रखंड के शुकुल पाकड़ पंचायत के बेलवतिया वार्ड नं 9 निवासी राजेश सहनी का 14 वर्षीय पुत्र रंजन कुमार शनिवार की सुबह में पढ़ने के लिए अपने घर से सायकिल से कोचिंग जा रहा था। इसी बीच तीव्र गति से आ रही कार ने जनता चौक से आगे बड़हरवा स्कूल के समीप ठोकर मार दी। जिससे उसका पैर टूट गया और बुरी तरह ज़ख़्मी हो कर जमीन पर गिर गया। आस-पास के लोग दौड़े-दौड़े घटना स्थल पर पहुंचे और घायल बालक उठाकर आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुगौली में पहुंचाया। जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक इलाज किया गया।घायल की गंभीर हालत को देख बेहतर इलाज के लिए मोतिहारी रेफर कर दिया। जहाँ इलाज के क्रम में मौत हो गई। स्थानीय पुलिस मामले में आवश्यक करवाई में जुटी हुई है।

### प्रख्यात गांधीवादी चिन्तक डा एस एन की तीसरी पुण्यतिथि मनाया गया



**समस्तीपुर।** प्रख्यात गांधीवादी चिंतक डॉ एस एन सुब्बाराव जी की तीसरी पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय युवा योजना समस्तीपुर के द्वारा प्रगति आदर्श सेवा केंद्र दूधपुरा समस्तीपुर के परिसर में तीन आम का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया I मौके पर एक श्रद्धांजलि सभा भी आयोजित की गई जिसको संबोधित करते हुए एन जी ओ संघ बिहार के सचिव अधिवक्ता संजय कुमार बबलू ने कहा डॉ एसएन सुब्बाराव हमेशा राष्ट्र के प्रति संकल्पित रहे उन्होंने अपने विचारों से प्रभावित करके चंबल घाटी के 600 से ज्यादा डकैतों को आत्म समर्पण कराने का कार्य किया। सद्भावना रेल यात्रा तीन चरणों में निकाल कर पूरे देश में राष्ट्रीय एकता अखंडता के संदेश को फैलाने के साथ हजारों राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन देश के विभिन्न जगहों पर किया। उनके द्वारा बनाया गया संगठन राष्ट्रीय युवा योजना आज भी देश के अधिकांश जिले में पदस्थापित हैं। सुब्बाराव जी हमारे बीच नहीं रहे लेकिन उनके विचार आज भी जिंदा है। हमें उनके बताएं रास्ते पर चलकर सर्वधर्म समभाव एवं वसुधैव कुटुंबकम की विरासत को बचाते हुए भारत माता के अस्मिता की रक्षा करनी होगी। सभा की अध्यक्षता साहित्यकार वीणा कुमारी ने किया। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज दरभंगा की छात्रा सुष्मिता कुमारी पुलिस इंस्पेक्टर शीला कुमारी रेलवे ट्रेड यूनियन के नेता संतोष कुमार निराला इंद्र मोहन तिवारी साने आलम रामदयाल दास सियासरण शर्मा विक्रम कुमार ओम कुमार प्रगति युवा मंडल के सचिव गुलशन कुमार तिवारी आदि कई लोग उपस्थित थे।

# सारण इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सरी टीचर ट्रेनिंग के प्रशिक्षुओं को किया गया सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा।** सारण इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सरी टीचर ट्रेनिंग के उत्तीर्ण टॉप 20 प्रशिक्षुओं का पुरस्कार सह सम्मान समारोह कार्यक्रम मकेर में आयोजित किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में परिवर्तनकारी प्रारम्भिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनने के लिए प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करना बेहद आवश्यक है। आज दुनिया का वह देश जिसकी शिक्षा और तकनीक बेहतर है वही विश्व मे विकसित देशों की श्रेणी में आता है। अमेरिका, जापान,चीन जैसे देशों में प्रशिक्षण को बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। एक प्रशिक्षित व्यक्ति जीवन

**» भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए देश की प्रारंभिक शिक्षा को सुदृढ करना आवश्यक : समरेंद्र**

में अपार सफलता को प्राप्त करता है साथ ही वह हर क्षेत्र में अव्वल रह सकता है।प्रशिक्षण जैसे एक सैनिक के लिए आवश्यक है उसी प्रकार एक शिक्षक का भी प्रशिक्षित होना आवश्यक है। शिक्षक नेता ने कहा कि सरकार को नर्सरी शिक्षा पर विशेष जोर देने की जरूरत है। उन्होंने सरकार से मांग किया कि बिहार के नौनिहालों के शिक्षा के मजबूत नींव के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यरत सेविकाओं को प्रशिक्षित किया जाए तथा आगामी बहाली में नर्सरी टीचर



ट्रेनिंग प्राप्त अभ्यर्थियों को बहाल किया जाए। जिससे बच्चों का प्रारम्भिक शिक्षा बेहतर हो । इस मौके पर शिक्षक नेता इंद्रजीत महतो,अशोक यादव,निजाम अहमद, उमेश यादव,गुलजार जी,अताउल्लाह, मो० परवेज,मो० साबिर,बबलू जी,अनिल जी उपस्थित थे।

## अनैतिक देह व्यापार के मामले में चार गिरफ्तार , होटल को किया गया सील

नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा।** सारण जिला पुलिस ने जिले के मढौरा अनुमंडल क्षेत्र में अनैतिक देह व्यापार का धंधा किये जाने का खुलासा किया । जिसके बाद होटल को सील करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया । इस बात की जानकारी देते हुए डॉक्टर कुमार आशीष ने बताया कि मढ़ौरा थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि आदित्य होटल के मैनेजर दीपक कुमार के द्वारा अपने होटल में अनैतिक देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा है, उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक राहुल कुमार सह थानाध्यक्ष मढ़ौरा थाना के नेतृत्व में टीम गठित कर मढ़ौरा थानान्तर्गत स्थित आदित्य होटल पर छापामारी किया गया। जिसमें छह युवक एवं



युवतियों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया। उनमें से तीन युवक एवं एक होटल के मैनेजर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।गिरफ्तार अभियुक्तों में तरैया थाना क्षेत्र के डेवढी पूरब टोला निवासी दीपक कुमार, मढौरा थाना क्षेत्र के टेहटी गांव निवासी रूस्तम, इसुआपुर थाना क्षेत्र के सहवां गांव निवासी सरोज कुमार एवं अवतार नगर थाना क्षेत्र के नरांव गांव निवासी सुबोध कुमार सिंह शामिल हैं।

## इनर व्हील क्लब सारण ने महिला सशक्तिकरण को दिया बढ़ावा




नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा।** इनर व्हील क्लब सारण के तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण पर दो निर्धन महिलाओं को आर्थिक सहायता दिया गया । जिससे वह आर्थिक रूप से सशक्त बना सके और अपनी ज़रूरतें पूरी कर सके। साथ ही एक निर्धन महिला को सौंदर्य प्रसाधन का सामान दिया गया, जिससे वह दूसरे पर उपयोग करके आर्थिक तौर पर मजबूत हो सके, आत्मनिर्भर बन सके और अपने परिवार का भरण पोषण कर सके। इनर व्हील क्लब सारण की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने कहा, जब महिला आर्थिक रूप से सशक्त होती है तो वह अपने परिवार के लिए संयचक बन जाती है तथा अपने बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध कराती है। इसकी जानकारी क्लब एडिटर रचना कुमारी ने दिया।

# डी आर एम विवेक भूषण सूद ने उद्घाटन कर किया रेल कोच रेस्टोरेंट का शुभारंभ

नई सोच एक्सप्रेस

**खगड़िया।** रेलवे स्टेशन के परिसर में पुराने कोच को मॉडीफाई कर बनाए गए 'रेल कोच रेस्टोरेंट' का मंडल रेल प्रबंधक श्री विवेक भूषण सूद द्वारा आज शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर सीनियर डीसीएम श्री रौशन कुमार ,सीनियर डीईई(टीआरडी),सीनियर डीईएन ।।, सहित अन्य अधिकारी एवं भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। अब खगड़िया के स्थानीय लोग एवं रेल यात्री इस रेस्टोरेंट में शानदार डेकॉरेशन के बीच बेहतरीन स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा सकते हैं।शुभारंभ के पश्चात डीआरएम ने कोच रेस्टोरेंट का अवलोकन किया साथही संचालक से सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने रेस्टोरेंट के भीतर की गई सजावट और हेरिटेज लुक की प्रशंसा की।रेलवे को प्रतिवर्ष मिलेगा 05 लाख 20 हज़ार का राजस्व खगड़िया रेल कोच रेस्टोरेंट से सोनपुर रेल मंडल को प्रतिवर्ष 05 लाख 20 हज़ार रुपये का राजस्व प्राप्त होगा,



जिसमें रेल कोच व उपलब्ध करवाई गई जगह का किराया भी शामिल है। रेस्टोरेंट में एक बार में एक साथ 70 से 75 ग्राहक बैठ सकेंगे ।साथही इस रेस्तरां से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 100 से अधिक लोगों को रोजगार भी मिलेगा। खगड़िया रेल कोच रेस्टोरेंट की खास बात है कि यह बरौनी कोच रेस्टोरेंट के तर्ज पर बना बारबेक्यू रेल कोच रेस्तरां है। इसमें Afternoon बफ़े लंच/डिनर के तहत 46 व्यंजन का लुफ्त मात्र 499/- प्रति

**» सोनपुर रेल मंडल को मिलेगा 5 लाख 20 हज़ार रुपए का राजस्व प्रति वर्ष**

**» बारबेक्यू रेल कोच रेस्तरां में मिलेगा मात्र 499 रुपए में 46 व्यंजन असीमित प्रति व्यक्ति**

व्यक्ति की दर पर असीमित रूप से उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही यात्री रेस्तरां में भोजन की तैयारी लाइव देख सकते हैं, जिससे ग्राहकों को संतुष्टि मिलेगी कि कैसे स्वच्छ भोजन तैयार किया जा रहा है। इसके अलावे क्यूआर कोड आधारित ऑर्डरिंग सिस्टम एवं यात्री ऐप के माध्यम से भी अपना भोजन ऑर्डर कर सकते हैं। इस रेस्तरां में कुल 55 व्यंजन होंगे। साथ ही टिकट काउंटर पर QR कोड स्कैनर के माध्यम से भुगतान करने पर रेस्टोरेंट के लज़ीज़ व्यंजनों पर 5% का फ़्लेट डिस्काउंट भी भी मिलेगा।

**लेट्स इंस्पायर बिहार**
**राहुल कुमार सिंह**
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

## सासाराम रोहतास के फजलगढ़ स्टेडियम से होगा नव बिहार गढ़ने का आगाज़

आईपीएस विकास वैभव की कलम से





परिवर्तन संभव है ! आज रोहतास के गोपाल नारायण सिंह यूनिवर्सिटी में आयोजित 'मेटा 2.0' महोत्सव मे आमंत्रित था जहाँ बिहार के सभी मेडिकल कॉलेजों से एकत्रित छात्रों को संबोधित करते हुए मैंने कहा कि जीवन में कोई भी लक्ष्य असाध्य नहीं है यदि इच्छा प्रबल हो, आधार स्पष्ट हो और प्रयास पूर्ण उर्जा, निष्ठा तथा दृढ़ संकल्प के साथ हो । मैंने बगहा और रोहतास में अपने कार्यकाल की चुनौतियों तथा समस्याओं के उन्मूलन हेतु किए गए प्रयासों को साझा करते हुए बताया कि बृहत दृष्टि और ऐसे सांस्कृतिक आधार जो विरासत में अंतर्निहित संदेशों से प्रेरित थे, के कारण ही अल्पावधि में तब वैसा अद्भुत परिवर्तन संभव हो सका, जिसे कभी सभी असंभव मानते थे । ऐसे असंभव माने जाने वाले परिवर्तनों को साकार होते देखने के कारण ही मेरे मन में इस प्रबल भाव की जागृति हुई कि संपूर्ण बिहार में भी एक व्यापक परिवर्तन संभव है और यदि हमने अपने ही पूर्वजों की बृहत दृष्टि को धारण करते हुए शिक्षा, समता और उद्यमिता के मंत्रों के साथ हर भेदभाव से परे उठकर संगठित योगदान किया तो निश्चित ही हम 2047 तक विकसित भारत में एक ऐसे बिहार को निर्मित कर देंगे जिसमें शिक्षा, रोजगार अथवा स्वास्थ्य के लिए किसी को अन्यत्र जाने की आवश्यकता नहीं होगी । इसी उद्देश्य के साथ वर्ष 2021 के 22 मार्च से प्रारंभ LetsInspireBihar अभियान आज 1,05,000+ सहयात्रियों के साथ गतिमान है। मैने सभी को यह भी बताया कि नव बिहार के स्वप्न को जब भी देखता हूँ तब प्रतिकूल परिस्थितियों में गोपाल नारायण सिंह यूनिवर्सिटी की स्थापना और तत्पश्चात उसकी निरंतर अभिवृद्धि भी निश्चित ही मुझे प्रेरित करती है। जब नारायण मेडिकल कॉलेज एंड हास्पिटल के रूप में संस्थान की स्थापना हुई थी, तब मैं पुलिस अधीक्षक, रोहतास के रूप में पदस्थापित था और सभी गतिविधियों को निकटता से देख रहा था । 2010 में आयोजित प्रथम वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में भी उपस्थित रहा था और अन्यत्र पदस्थापित होने के पश्चात भी संस्थान से निरंतर जुड़ा रहा और नित्य हो रही प्रगति से अवगत होकर प्रसन्न होता रहा। मैंने सभी को बताया कि प्रतिकूल परिस्थितियों में ऐसे संस्थान की स्थापना का कार्य आसान नहीं था और महान संस्थापक गोपाल नारायण सिंह जी की दूरदर्शिता और उनके अथक प्रयासों के कारण ही आज हम दक्षिण बिहार में ऐसे विश्वविद्यालय को स्थापित देख पा रहे हैं जो बिहार के सभी जिलों के शिक्षाविदों, नेतृत्वकर्ताओं एवं समाजसेवियों के लिए प्रेरणा का एक स्रोत है। आज बिहार के हर प्रखंड में ऐसे उच्च स्तरीय संस्थानों की आवश्यकता है ताकि अपनी बड़ी जनसंख्या को हम शिक्षित एवं स्किल्ड कर सकें। आगे अभियान के संदेशों को समझाते हुए मैंने सभी को बताया कि प्राचीन काल में यदि हमारे पूर्वज अखंड भारत के साम्राज्य के साथ-साथ ऐसे विश्वविद्यालय स्थापित कर सके जहाँ पहुंचने के लिए विश्व भर के विद्वान लालायित रहते थे तो उसका कारण केवल और केवल उनकी बृहत दृष्टि ही थी जो वेदांत के प्रभाव के कारण हर भेदभाव से परे सोचती थी और नए अपवादों को प्रस्तुत करते हुए नव सर्जन हेतु सदैव तत्पर रहती थी । वंशज तो हम उन्हीं यशस्वी पूर्वजों के हैं परंतु जाति-संप्रदाय आदि लघुवादों से ग्रसित होने पर हमारी उर्जा परस्पर संघर्ष में व्यर्थ हो रही है और जिस क्षेत्र ने कभी पूरे राष्ट्र का नेतृत्व करते हुए संपूर्ण विश्व का मार्गदर्शन किया था, आज अत्यंत पिछड़ चुका है और अनेक चुनौतियों के चक्रों में उलझ सा गया है । आज आवश्यकता एक इमानदार प्रयास की है जो समाज की दृष्टि में व्यापक परिवर्तन लाकर उसे उद्यमिता की ओर बृहत स्तर पर अग्रसर कर सके। मैंने सभी को बताया कि हर ग्राम-नगर के जन-जन तक अभियान के संदेशों को पहुंचाने के उद्देश्य से ही 'नमस्ते बिहार' बृहत जन संवाद की श्रृंखला का प्रारंभ बीते 10 दिसंबर, 2023 को बेगूसराय से किया गया था और 21 जनवरी, 2024 को आरा में आयोजन के पश्चात अब 1 दिसंबर, 2024 को सासाराम में भी कार्यक्रम निर्धारित है जिसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है। मैंने सभी से अभियान से जुड़कर बिहार के उज्ज्वलतम भविष्य निर्माण में योगदान समर्पित करने का आह्वान किया। यात्रा गतिमान है !

# जीवन मे सफलता हासिल करना है तो युवा पीढ़ी राजू साहनी से ले प्रेरणा

नई सोच एक्सप्रेस

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर ज़िलें के उजियारपुर प्रखंड के एक छोटे से गाँव कमला के एक गरीब परिवार मे जन्म लिए राम श्रेष्ट साहनी के पुत्र राजू साहनी, गरीबी मे रहते हुए उनके पिता ने उनकी प्राथमिक शिक्षा गाँव के सरकारी विद्यालय मे कराई, पर घर के हालात ठीक नहीं रहने के कारण मजदूरी करने चले गए आसाम वहाँ जाकर उन्होंने मज़दूरी की और उनके मन मे प्रारम्भ से जीवन मे कुछ बड़ा करने की सोच थी, इसी कड़ी मे दिनरात मेहनत लगननिष्ठा से कार्य करते हुए उन्होंने अपना एक अलग मुकाम हासिल करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई, साथ ही साथ उन्होंने समाज के गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजना चलाया जिससे उनको कई समाजिक सांगठनों ने उनके कार्य से प्रभावित होकर उनके द्वारा किये गए कार्यो के लिए उन्हें सम्मानित भी किया जाने लगा !बतादे की 12 दिसंबर वर्ष 2000 को बिहार से गुवाहाटी में प्रवेश किया इसके बाद जीवन संघर्ष से लड़ने लगे सात रुपया प्रति दिन मजदूरी कर अपना लक्ष्य पाने के लिए संघर्ष चालू किया मां कामाख्या देवी का आशीर्वाद से कड़ी मेहनत लगन से आगे का रास्ता खुलता चला गया

### कड़ी मेहनत लगन निष्ठा से फर्स से फलक तक पहुंचे हैं



वर्ष 2018 ई में गुवाहाटी में सौरव इंडस्ट्री नामक फेवर ब्लॉक फैक्ट्री खोल कर लगभग 80 लोगों को रोजगार दिया गया देखते देखते बिहार के समस्तीपुर ज़िलें के उजियारपुर प्रखंड के सैदपुर ज़ाहिद गाँव मे सौरव इंडस्ट्री फेवर ब्लॉक फैक्ट्री की मार्च के महीने स्थापित किया गया आज वहां भी लगभग 50 लोगों को रोजगार दिया गया। 8 साल पहले भगवानपुर कमला पंचायत के वार्ड 9 में हुए अग्निकांड में लगभग 110 घर जलकर राख हो गया था उसमें संपूर्ण व्यवस्था किया गया जैसे कि खाना पानी कपड़ा सहित बर्तन वितरण का कार्य किया गया। साथ ही 2024 में कर्पूरी जयंती के शुभ अवसर पर समस्तीपुर रेलवे स्टेशन रात्रि 12 से कंबल वितरण सुबह करीब 4 बजे तक किया गया था साथ ही उजियारपुर ब्लॉक प्रखंड के किसान भवन के पास 10000 कंबल वितरण किया गया जिसमें उजियारपुर प्रखंड के गरीब परिवार के लोगों को बुलाकर कंबल बितरण किया गया बहुत सारे गरीब परिवार की लड़की को शादी में सहायता करते आ रहे हैं साथ ही गरीब परिवार

**» उनके कार्य से प्रभावित होकर बिहार के राज्यपाल ने भी किया सम्मानित**

में कभी-कभी किन्ही को मृत्यु हो जाने पर उसमें भी सभी प्रकार से सहायता करते आ रहे हैं आसाम में गरीब तबके के बच्चे को पढ़ने के लिए पांच कमरा का स्कूल निर्माण किया गया इस अवसर पर आसाम एक्सीलेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया दिसपुर गुवाहाटी में एवं 33 सरकारी स्कूल में वाटर कूलर मशीन लगाया गया इस उपलक्ष में विद्यापति चेतना समिति के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया नेपाल में आए विनाशकारी भूकंप में दिसपुर गुवाहाटी से सहायता सामग्री नेपाल में जाकर वितरण किया गया इस अवसर पर प्रथम खबर न्यूज़ चैनल के द्वारा अवार्ड और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया दिसपुर गुवाहाटी स्थित मां कामाख्या देवी मंदिर में प्रत्येक जून महीना में अंम्बुवासी मेला के दौरान पिछले 2011 से लगातार विशाल अमृत भंडार का आयोजन करते आ रहे हैं इस नेक कामों को देखते हुए असम के चर्चित न्यूज़ चैनल आसाम स्टॉक के द्वारा प्रशस्ति पत्र सराय जापी गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया हर साल बरसात के मौसम में गांव शहर पानी से जल मग्न हो जाता है उसमें सहायता सामग्री वितरण किया जाता है पूर्व गुवाहाटी बिहू सम्मेलन के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र बुके देकर सम्मानित किया गया फ्री मेडिकल चेकअप कैंप प्रत्येक एक महीना आयोजित किया जाता है इस उपलक्ष में गुरुद्वारा साहब गुवाहाटी द्वारा प्रशस्ति पत्र बुके देकर सम्मानित किया गया 2001 ई से छठ पूजा में लगातार लाइट की व्यवस्था और 2022 ई में छठ पूजा के उपलक्ष पर भगवानपुर कमल पंचायत में छठ घाट पर टावर लाइट सज्जा साउंड प्रोग्राम सहित साफ सफाई की संपूर्ण व्यवस्था किया गया था 2023 में भी लाइटिंग साफ सफाई सांउड सिस्टम सांस्कृतिक कार्यक्रम टावर लाइट सज्जा का उत्तम व्यवस्था किया जा रहा है 2024 में छठ पूजा के अवसर पर भगवानपुर कमला पंचायत के सभी 14 वार्ड में लाइटिंग स्नान घर साफ सफाई के साथ बेहतर पैमाने पर सजावट एवं सुर्य देव एवं छठी मईया के 15 मुर्तियां घाट पर स्थापना के साथ ही संस्कृति कार्यक्रम किया जा रहा है लगभग 8 किलोमीटर दूरी तक है वहीं उजियारपुर प्रखंड मुख्यालय से सटे रायपुर पंचायत वार्ड 3 में अवस्थित शिव मंदिर के पास पोखर में छठी मैया की आशीर्वाद से छठवर्ती मां बहन के छठ घाट पर आने जाने बैठने के लिए 20/20 साइज का पंडाल जिसमें 50 कुर्सी व्यवस्था तथा शिव पार्वती मंदिर का लाइट सजावट साउंड प्रोग्राम कर टावर लाइटिंग 20 स्नान घर चारों तरफ पोखर के दो किलोमीटर सड़क किनारे लाइट का संपूर्ण व्यवस्था किया जा रहा है एवं आठ जगहों पर गेट का निर्माण किया गया जा रहा है इस छठ घाट को देख रेख हरेन्द्र साहनी एवं रायपुर पंचायत के सभी वार्ड पार्षद व पंचायत के पंच के देख रेख में हो रहा है यही नहीं पड़ोरिया पंचायत में भी सभी छठ घाट पर लाइट एवं साफ सफाई स्नान घर टावर लाइट सज्जा की संपूर्ण व्यवस्था किया गया है जो लगभग 3 किलोमीटर दूरी तक है परोरिया पंचायत के मुखिया जी मनोज साह एवं प्रभात कुंवर जी के सहयोग से व्यवस्था किया जा रहा है बिहार में गरीबों के प्रति आस्था रखने वाले युवा समाजसेवी भाई राजू साहनी को एक न्यूज़ पेपर के द्वारा 27 सितंबर 2024 को पटना के मौर्या होटल में आयोजित कार्यक्रम जिसमें मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आलेकर के द्वारा रतन उत्तर बिहार से सम्मानित किया गया !

## 'पटाखे ना जलाएं, सुरक्षित दीपावली मनाएं' नाटक की हुई प्रस्तुति



नई सोच एक्सप्रेस

**फुलवारी शरीफ।** सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच के साप्ताहिक नुक्कड़ नाटक की श्रृंखला में महेश चौधरी द्वारा लिखित एवं मिथिलेश कुमार पांडे निदेशित नाटक- "पटाखे ना जलाएं, सुरक्षित दीपावली मनाएं" की प्रस्तुति वाल्मी, फुलवारीशरीफ पटना में की गई। नाटक की शुरुआत सौरभ राज के स्वरबद्ध गीत- आओ मिलकर दीपावली मनाएं, पटाखे से प्रदूषण ना फैलाएं, पटाखों से निकलता धुआं हवा में जा मिला, उसी हवा में हो रहा है प्रदूषण ये भइया...से हुई। कलाकारों ने पटाखों से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के अलावा तेज आवाज एवं धुएं से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को भी दिखाया गया। पटाखा फोड़ने से सबसे ज्यादा नुकसान उन बुजुर्गों को होता है जो बुढ़ापे में बीमारियों से ग्रसित है। नाइट्रोजन कार्बन डाइऑक्साइड जैसी घातक गैस वायु में मिल जाती है,जो शरीर के लिए बहुत नुकसानदेह होती है। इन पटाखों के धुएं से सांस लेने में घबराहट होना,खांसी,हृदय,फेफड़ो में तकलीफ आना,आंखों में संक्रमण होना, दमा होना, गले में इन्फेक्शन आदि होने के खतरे उत्पन्न हो जाते हैं और पटाखे जलाने से जान- माल का नुकसान भी होते रहा है। पटाखों से सिर्फ इंसानो को नहीं पशु-पक्षी, वातावरण को भी नुकसान होता है इसलिए कलाकारों द्वारा दीपावली में पटाखे नहीं छोड़ने की शपथ दिलाई गई। मंच के सचिव सह वरीय रंगकर्मी महेश चौधरी ने सुरक्षित दीपावली मनाने की अपील करते हुए लोगों से कहा कि दीपावली में दुकान सजेगा, संभलकर खरीदना भाई, बाजार में मिठाई,पनीर ,खोवा और दूध में जानलेवा जहर भी बिकेगा। नाटक के कलाकारों में- महेश चौधरी, सौरभ, रूपाली सिंहा , करण, रंजन, रोहित, अधर्व, दिव्यांशी एवं सक्षम शामिल थे।

संक्षिप्त समाचार

## नजीब मुल्ला ने एक पत्रकार सभा रखी स्वतंत्रता सैनिक हकीम अजमल खान अस्पताल के लिए




**ठाणे।** नेहाल हसन ठाणे मुंब्रा नजीब मुल्ला ने एक पत्रकार सभा रखी और बोले कि पांच नवम्बर से हकीम अज़मल खान अस्पताल कि ओपीडी शुरू हो जाएगी किसी वजह से कई मरीजों को लगा कि अस्पताल की शुरुआत हो गई है और वो वहा इलाज के लिए गए तो पता चला कि डाक्टर नहीं है इसीलिए वहां कुछ दुर्घटना भी हुई है सुत्रो के हवाले से पता चला है, आगे क्या हुआ है ये मुंब्रा की जनता को मालूम है। इसी लिए हमने सरकार से अपील की है कि जितनी जल्दी हो सके मरीजों को सारी सुविधा मशीन की चाहे किसी भी प्रकार की सुविधा हो उपलब्ध कराई जाए । उद्घाटन किसी ने भी किया हो मुझे उससे मतलब नहीं है नजीब मुल्लाह ने अपनी कोशिश से हॉस्पिटल को 5 तारीख से पूरी तरीके से शुरू करने का वादा किया है । नजीब मुल्लाह ने ये आश्वासन दिया है कि 5 तारीख से ओपीडी शुरू हो जाएगी बाकी की सुविधा जैसे कि एडमिशन आदि भी 10 तारीख तक ठाणे महानगर पालिका और खासदार श्री कांत शिंदे और मेरे प्रयास की वजह से जनता को जल्दीही इलाज की सभी सुविधाएं प्राप्त होंगी पत्रकार सभा में नजीब मुल्लाह ने आमदार जितेंद्र आव्हाड पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी रैली की कुछ ऑडियो क्लिप पैसे की लेनदेन के बारे में जो वायरल हुई है उसपे भी निशाना साधा और कहा कि ये जो भीड़ जितेंद्र आव्हाड की रैली में थी वो मुंब्रा की जनता कम थी अन्य स्थानों से लाई गई भीड़ थी मै जनता को सूचित करना चाहता हु कि चाहे उद्घाटन जितेंद्र आव्हाड ने किया हो मगर इतने दिनों में वहां कोई सुविधा उपलब नहीं थी मरीज़ो के लिए जिसकी वजह से वहां कई घटनाएं हुई जिसे मुंब्रा की जनता जानती है । नजीब मुल्लाह के आने से जनता को इतना तो लाभ हुआ है कि जनता को अस्पताल में सारी सुविधा मशीनरी हर तरह से प्राप्त होगी 2011 मे दो सौ पच्चीस करोड़ रुपया पास कराया पानी टंकी बनाने के लिए और मुंब्रा की जनता की प्यास बुझने के लिए मगर टंकी कहा है पता नहीं एसे कई मुद्दे है समस्या है जिसको नजीब मुल्ला ने हाल किया । एम एम वैली की कब्रस्तान की मिट्टी भरने के लिए फंड दिया और अमृत नगर कब्रस्तान के लिए भी फंड दिया आमदार बनने से पहले उन्होंने अजीत पवार की मदद से इस प्रकार का कार्य किया जो एक आमदार को करना चाहिए जो 15 सालों मे नही हुआ है जनता सब जानती है आज मुंब्रा की जनता टोरेंट कंपनी से परेशान हैं जब ढ़ाई साल सत्ता में थे और गृह निर्माण मंत्री थे आमदार जितेंद्र आव्हाड साहब तब वोह कियू नही टोरेंट कंपनी के टेंडर कैंसल कराया मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे थे ऊर्जा मंत्री भी आपके थे दो साल मे तो टोरेंट कंपनी को हटा देना चाहिए था मगर आमदार जितेंद्र आव्हाड को जनता का कोई फिकर नहीं था, जब चुनाव आया तो आब कहते है की अबकी बार जीत कर आया तो टोरेंट कंपनी को हटा देंगे आज जनता सवाल पुछती है ढाई साल पहले कियू नही टोरेंट कंपनी को हटाया आज चुनाव में सब याद आरहा नजीब मुल्लाह जी ने कहा कि जनता सब जानती है इसका जवाब अबकी बार जनता देगी आमदार जितेंद्र आव्हाड को, अपने वोट से ।

## टाटा मोटर्स ने कस्टमर केयर महोत्सव 2024 का उद्घाटन किया

» यह कार्यक्रम कमर्शियल गाड़ियां खरीदने वाले ग्राहकों के लिए देशभर में चलाया जाएगा

**मुजफ्फरपुर।** भारत के सबसे बड़े कमर्शियल वाहनों के निर्माता, टाटा मोटर्स ने अपने कस्टमर केयर महोत्सव 2024 को लॉन्च कर दिया है। कमर्शियल वाहन के उपभोक्ताओं के साथ जुड़ाव बनाने वाला यह कार्यक्रम 24 दिसंबर 2024 तक चलेगा। इस अनूठे महोत्सव का आयोजन देशभर में 2500 से ज्यादा अधिकृत सेवा केंद्रों पर किया जाएगा। इसमें कमर्शियल वाहनों के मालिक और ड्राइवर एक मंच पर आकर महत्वपूर्ण चर्चाएं करेंगे। इस कार्यक्रम के तहत, ग्राहक कई लाभ उठा सकते हैं। वह प्रशिक्षित तकनीशियन से गाड़ियों की पूरी जांच करा सकते हैं, और उन्हें कई अतिरिक्त सेवाओं तक पहुंच भी मिलेगी। ड्राइवरों को सुरक्षित और ईंधन बचाने वाले ड्राइविंग के तरीके सिखाने के लिए विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा, अपनी संपूर्ण सेवा 2.0 पहल के तहत कई विशेष रूप से तैयार पेशकशें भी मिलेंगी। टाटा मोटर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री गिरीश वाघ ने कस्टमर केयर महोत्सव 2024 एडिशन का उद्घाटन करते हुए कहा, हम इस साल कस्टमर केयर महोत्सव को दोबारा लाकर काफी उत्साहित हैं। इसकी शुरुआत 23 अक्टूबर से हो रही है। इस दिन का हमारे लिए खास महत्व है क्योंकि हमने 1954 में अपना इसी दिन पहला कमर्शियल वाहन बेचा था। अब हम इसे कस्टमर केयर डे के रूप में मनाते हैं। यह महोत्सव उपभोक्ताओं को बेहतरीन सर्विस देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसमें गाड़ियों की अच्छी तरह जांच की जाएगी और ग्राहकों को कई और लाभ भी मिलेंगे। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह महोत्सव हमारे सभी उपभोक्ताओं की जिंदगी में खुशियां बिखेरे, चाहे वे देश के किसी भी हिस्से में रहते हों। इसमें हम अपने सभी साथियों और हितधारकों से अपने रिश्ते और मजबूत करना चाहते हैं। हम सभी ग्राहकों को अपने नजदीकी टाटा ऑथोराइज्ड सर्विस सेंटर पर आने के लिए आमंत्रित करते हैं और मुझे पूरा यकीन है कि इस पहल से उनके बिजनेस को बहुत मदद मिलेगी।

## बच्चे समाज के जिम्मेदार नागरिक बनें: एएसपी अर्चना झा

» पुलिस कप्तान रजनेश सिंह के मार्ग दर्शन मे चलाए जा रहे चेतना विरुध्द नशा अभियान का चौथा चरण
» पायल एक नया सवेरा वेलफेयर फाउंडेशन का आयोजन



**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** पायल एक नया सवेरा वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में बिलासपुर पुलिस कप्तान रजनेश सिंह के मार्ग दर्शन मे चलाए जा रहे चेतना विरुध्द नशा अभियान के तहत चौथे चरण में जागरूकता कार्यक्रम सिरगिट्टी में बिलासपुर ग्रैप्लिंग कमेटी द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रैप्लिंग रेसलिंग चैंपियनशिप में किया गया । जहां राज्य के हर क्षेत्र से बड़ी संख्या में बच्चे भाग लेने आए हुए थे। मुख्य अतिथि के तौर पर एएसपी अर्चना झा, फाउंडेशन की अध्यक्ष पायल शब्द लाठ और विशिष्ट अतिथि के तौर पर सिरगिट्टी थाना प्रभारी विजय चौधरी उपस्थित रहे । सभी अतिथि को माला पहना कर उनका स्वागत किया गया। एएसपी अर्चना झा ने बच्चों को बहुत ही अच्छे तरीके से नशे से दूर रहने की बात कही और बच्चों को गेम से जुड़े रहने से क्या - क्या फ़ायदे होते हैं वह भी बताया। एएसपी अर्चना झा ने कहा कि बच्चे परिवार की भावी पीढ़ी होते हैं और परिवार व समाज को उनसे बड़ी अपेक्षाएं होती हैं। अतः उन्हें समाज का जिम्मेदार नागरिक बनना चाहिए। इसके लिए हमें सारी बुराइयों से दूर रहना होगा। ख़ासकर बच्चे किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें और समाज में सम्मान के भागीदार बनें। सभी अतिथियों का सम्मान मोमेंटो देकर किया गया। इस अवसर पर ग्रैप्लिंग कमिटी के अध्यक्ष सचिव के हेमंत कुमार और रेणु यादव उपस्थित रहे ।

# अडानी सोलर ने बिहार में रिटेल वितरण के विस्तार के लिए ईना सोलर के साथ की साझेदारी

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत सोलर निर्माता कंपनी, अडानी सोलर ने बिहार में अपने सोलर उत्पादों के रिटेल वितरण के लिए ईना सोलर के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के साथ अडानी सोलर का रिटेल नेटवर्क अब भारत के 3,500 से अधिक शहरों तक फैल गया है। अडानी सोलर और ईना सोलर की यह साझेदारी केवल भौगोलिक विस्तार तक सीमित नहीं है। ईना सोलर के संस्थापकों का बिहार और पूर्वी भारत में मजबूत नेटवर्क और बाजार की गहरी समझ है, जिससे यह सहयोग और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। इस साझेदारी के जरिए अडानी सोलर का उद्देश्य है कि वह आवासीय उपभोक्ताओं, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक इकाइयों और कृषि क्षेत्रों के लिए किफायती और टिकाऊ सोलर समाधान प्रदान कर सके। ईना सोलर बिहार में सोलर जरूरतों के लिए एकमात्र समाधान बनने के लिए प्रतिबद्ध है, जो अडानी सोलर के पीवी मॉड्यूल, हवेल्स इनवर्टर और अन्य उच्च गुणवत्ता वाले घटक प्रदान करेगा। ईना सोलर उपभोक्ताओं को न केवल सस्ती कीमत पर उच्च गुणवत्ता के सोलर समाधान उपलब्ध कराएगा, बल्कि ग्राहक सेवा के हर चरण में उनका विश्वासपात्र साथी भी बनेगा, चाहे वह बिजली बिल बचाने के लिए सोलर अपनाने वाला आवासीय उपभोक्ता हो या ऊर्जा समाधान की तलाश में कोई औद्योगिक इकाई। बिहार सरकार द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने की पहल, जैसे प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (कुसुम) योजना और प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिल योजना, इस साझेदारी से और सशक्त होंगी। ईना सोलर की स्थानीय उपस्थिति और वितरण नेटवर्क अडानी सोलर के ऑफ-ग्रिड और ऑन-ग्रिड सोलर पैनल्स को बिहार के उपभोक्ताओं तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाएगी, जिससे वे अपने बिजली खर्चों को कम कर सकेंगे और बिजली कटौती के प्रभाव से बच सकेंगे। अडानी के ऑफ-ग्रिड पैनल बिजली बाधाओं के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करते हैं, जबकि ऑन-ग्रिड पैनल आवासीय और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए बिजली खर्चों में भारी कमी लाते हैं। शाइन टपकन मॉड्यूल, जो उच्च वाट-पिक आउटपुट और बेहतर दक्षता के साथ आता है, चुनौतीपूर्ण मौसम में भी अधिक ऊर्जा उत्पादन सुनिश्चित करता है, जो बिहार की जलवायु के लिए उपयुक्त समाधान है। हालांकि, अडानी सोलर की इस अत्याधुनिक तकनीक का असली फायदा बिहार के लोगों को तब मिलेगा जब यह उनकी असली समस्याओं को हल कर सके। बिहार में अक्सर बिजली कटौती होती है और बिजली की लागत एक बड़ी समस्या है। अडानी सोलर के अभिनव समाधान और ईना सोलर का ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करेगा कि यह उच्च तकनीक लोगों की असल जिंदगी में बदलाव लाए। ईना सोलर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह अपने ग्राहकों को एक संपूर्ण अनुभव प्रदान करता है। जब एक ग्राहक सोलर समाधान के बारे में जानकारी प्राप्त करता है, तब से लेकर इंस्टॉलेशन के बाद की सेवा तक, ईना सोलर सुनिश्चित करता है कि ग्राहक का अनुभव सहज और बिना किसी परेशानी के हो। अडानी सोलर के साथ मिलकर, ईना सोलर मजबूत आफ्टर-सेल्स सपोर्ट, जैसे मेंटेनेंस, परफॉर्मेंस मॉनिटरिंग और सर्विस वारंटी प्रदान करेगा, ताकि ग्राहकों को इंस्टॉलेशन के बाद भी शांति मिले। अडानी सोलर, जो पहले से ही राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु सहित कई राज्यों में एक प्रमुख खिलाड़ी है, अब ईना सोलर के साथ साझेदारी करके बिहार में विश्व स्तरीय सोलर तकनीक ला रहा है। यह साझेदारी न केवल अडानी सोलर के विस्तार को सुनिश्चित करेगी, बल्कि बिहार के ऊर्जा संकट को हल करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। अंत में, यह साझेदारी बिहार के लोगों को साफ ऊर्जा, किफायती समाधान और भरोसेमंद सेवा प्रदान करेगी, जिससे सोलर पावर केवल एक तकनीकी विकास नहीं, बल्कि राज्य की वास्तविक चुनौतियों का समाधान बन जाएगा।

## बचपन प्ले स्कूल और फ्लाइंग कलर्स एकेडमी में परीक्षा परिणाम को लेकर खुशी की लहर

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद।** प्ले स्कूल बचपन प्ले स्कूल के नन्हे- मुन्ने बच्चों के परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। ज्ञातव्य हो की बचपन प्ले स्कूल का एक फॉर्मल विंग फ्लाइंग कलर्स एकेडमी के परीक्षा का परिणाम भी घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम को देखकर बच्चों और अभिभावकों में एक अलग ही तरह की खुशी दिख रही थी। चर्चा के दौरान और भी एक बात सामने आयी। बच्चों में एक अच्छे संस्कार देना ही मुख्य उद्देश्य है। बुरी आदतें जिन्हें अभिभावक चाह कर भी नहीं छुड़ा पा रहे थे। जिसका सारा श्रेय एक मत से सभी अभिभावक विद्यालय और विद्यालय परिवार को दे रहे थे। बचपन और फ्लाइंग कलर्स एकेडमी के बच्चों और शिक्षक शिक्षिकाओं के संयुक्त प्रयास से अभिभावकों के लिए कुछ खास दीपावली गिफ्ट तैयार किया गया था । जिसे देखकर एवं पा कर अभिभावकगण में आनंद की अनुभूति देखने को मिली। इन दोनों विद्यालय के निदेशक अरुण प्रवाल से पूछे जाने पर की इस परफेक्शन की वजह क्या है तो उन्होंने बताया कि हम सभी बच्चों में सर्वांगीण विकास की बात करते हैं और विकास एक ऐसी प्रक्रिया है जो सतत और निरंतर चलती रहती है। यही हमारी सफलता का राज है। उन्होंने तमाम लोगों का धन्यवाद दिया और भविष्य में इससे भी बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने का वचन दिया ।

## हेपिटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम के तहत एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया

नई सोच एक्सप्रेस




**जहानाबाद।** जीएनएम प्रशिक्षण संस्थान, सदर अस्पताल जहानाबाद में नेशनल वायरल हेपिटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम के तहत एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह समीक्षा बैठक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हैपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम के तहत किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तृत रूप से पी.पी.टी के माध्यम से उन्मुखीकरण तथा समीक्षा किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से उक्त बीमारी का बचाव, उपचार, जाँच एवं रिपोर्टिंग के बारे में जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी के रूप में सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी तथा संबंधित लैब टेक्नीशियन एवं वायरल हेपिटाइटिस कंट्रोल मैनेजमेंट कमिटी के सभी सदस्य उपस्थित थे। डॉ देवेंद्र प्रसाद, सिविल सर्जन के द्वारा निर्देशित किया गया कि हैपेटाइटिस बीमारी से संबंधित अपने संस्थान अंतर्गत सभी चिकित्सा पदाधिकारी/कर्मी को इस बीमारी तथा कार्यक्रम के बारे में जानकारी देगे। उन्होंने यह भी बताया कि अगर कोई गर्भवती महिला हेपेटाइटिस बी या सी से ग्रसित पायी जाती है तो उसे उच्च जोखिम वाले गर्भवती श्रेणी में लेते हुए संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाये और जन्मे बच्चे का जन्म के 24 घंटे के अंदर सभी टीका के साथ-साथ हेपेटाइटिस की भी टीका आवश्य रूप में लगाया जाये। इस बीमारी की गंभीरता को देखते हुए सभी संस्थान के स्वास्थ्य कर्मी को बचाव हेतु हेपेटाइटिस बी का टीका आवश्यक रूप से लगायें। उक्त कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रत्येक माह ससमय अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आवश्य रूप से भेजें। डॉ प्रमोद कुमार, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी द्वारा बताया गया की टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों को हेपेटाइटिस बी का टीका आवश्यक रूप में दिया जाए। जिससे इस बीमारी का बचाव एवं फैलाव को रोका जा सके। उन्मुखीकरण के क्रम में डॉक्टर रणधीर कुमार द्वारा हेपेटाइटिस बीमारी प्रकार की गंभीरता, फैलाव, बचाव एवं उपचार के बारे में बताया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर प्रभात कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सिकरिया द्वारा दिया गया। प्रशिक्षक के रूप में डॉ रणधीर कुमार विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल एवं आलोक कुमार जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट तथा कार्यक्रम का संचालन जिला डाटा प्रबंधक, डी.ई.ओ तथा अन्य कर्मी द्वारा किया गया।

# जस्टिस तेवतिया स्मृति कार्यक्रम : विरासत का सम्मान 'हमारे सपनों का भारत' की परिकल्पना पर हुआ विचार







नई सोच एक्सप्रेस

**दिल्ली।** जैविक भारत मिशन के तत्वाधान में दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के सी. डी. देशमुख ऑडिटोरियम में न्यायमूर्ति डी. एस. तेवतिया के सम्मान में एक स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमे कई मशहूर हस्तियों को सम्मानित किया गया। न्यायमूर्ति तेवतिया ने पंजाब, हरियाणा तथा कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में अपनी सेवाएं दी थीं। वे बेहद ईमानदार एवं सिद्धांतवादी व्यक्ति रहे जिन्होंने न्याय के मार्ग में बाहरी हस्तक्षेप का विरोध करने के लिए सेवानिवृत्ति से चार साल पहले ही इस्तीफा दे दिया था। न्यायमूर्ति तेवतिया जैविक भारत से आत्मीयता से जुड़े थे और उनसे जैविक भारत को सदैव प्रेरणा मिलती थी। उनका सपना था कि भारत अवधारणा के स्तर पर न्यायप्रिय तो हो ही साथ मे नागरिकों की शिक्षा और स्वास्थ्य का स्तर भी बेहतर हो इस कारण वे कृषि में जैविक को बढ़ावा देने के पक्षधर थे। न्यायमूर्ति तेवतिया के आदर्शों और मूल्यों का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम में कई संगठनों और व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पुरस्कार विजेताओं में राष्ट्र के विकास में उनके विशेष योगदानों को लेकर 11 प्रतिष्ठित नागरिकों और संगठनों को 'न्यायमूर्ति तेवतिया स्मृति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। इस वर्ष के प्रमुख पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में पर्यावरणविद् सुनीता नारायण, उद्योगपति रघु डालमिया, सामाजिक कार्यकर्ता मल्लिका साराभाई और सामाजिक कार्यकर्ता वंदना शिवा जैसी शख्सियतें शामिल रहीं। गौरतलब है कि इस स्मृति कार्यक्रम ने न्यायमूर्ति तेवतिया के मूल्यों को सामाज में न्याय और समानता को बनाए रखने की सामूहिक प्रतिबद्धता को और भी मजबूत बनाया। कार्यक्रम की शुरुआत जैविक भारत मिशन के वास्तुकार एवं संयोजक राम कुमार अत्री के वक्तव्यों से हुई। उन्होंने न्यायमूर्ति तेवतिया के साथ अपने गहरे एवं भावनात्मक संबंधों को याद किया और वर्तमान समय में उनके आदर्शों की प्रासंगिकता को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम में आए दिल्ली आईआईटी छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर वरुण आर्य ने भारत में जैविक कृषि की जागरूकता में जैविक भारत के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने भूमि और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए टिकाऊ पद्धतियों की आवश्यकता पर जोर दिया। न्यायमूर्ति तेवतिया की बेटियों– मधु और नीना ने भी कार्यक्रम में अपनी बहुमूल्य उपस्थिति से अपने पिता की कुछ खास यादों को साझा किया। उनके वक्तव्यों में न्यायमूर्ति तेवतिया की अडिग ईमानदारी की कई घटनाएं भी थीं जिनसे पता चलता है कि भारत की विधि-व्यवस्था को ईमानदार बनाए रखने में न्यायमूर्ति तेवतिया की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका थी। जस्टिस तेवतिया की बेटी नीना ने कहा "एक बहुत ही साधारण परिवार से होते हुए भी जस्टिस तेवतिया ने किसी प्रिविलेज को स्वीकार नहीं किया। वो हमेशा कानून के प्रति समर्पित रहे। इंग्लैंड में बैरिस्टर बनने के बजाय वह भारत लौटे ताकि यहां नई संभावनाओं को आकार दे सकें। एक जज के पद पर कार्य करते हुए वह सत्ता का सामना करते हुए हमेशा सच के पक्ष में खड़े रहे। इसीलिए किसी राजनीतिक समझौते को स्वीकार न करने के कारण उन्हें भुगतना भी पड़ा। रिटायर होने के बाद भी वो हमेशा यह सवाल करते रहे कि एक लोकतंत्र का सही अर्थ क्या है और इसे कैसे लागू किया जा सकता है।" जस्टिस तेवतिया के पोते उदय ने अपने दादा को ऐसे याद किया "क्योंकि दादा मानते थे कि लॉ एक पेशा नहीं है, बल्कि जिम्मेदारी है। वो 1975 में इमरजेंसी के खिलाफ खड़े थे। उनका मानना था कि संविधान को केवल न्यायपालिका ही बचा सकती है। आज हम न्यायपालिका की वही जिम्मेदारी उठाने के लिए तैयार हैं।" डॉ ओंकार मित्तल ने अपने वक्तव्य में कहा कि जस्टिस तेवतिया से मैं कभी मिला नहीं। अत्री जी ने उनकी ऑटोबायोग्राफी मुझे दी थी, उसे पढ़कर ही उनके बारे में मैंने राय बनाई है। एक आम आदमी का जीवन हमारे देश में पुलिस-प्रशासन के द्वारा हमेशा मुश्किल में रहती है, लेकिन उस आम आदमी को यह उम्मीद होती है कि एक जज उसके साथ न्याय करेगा। जस्टिस तेवतिया उसी आम आदमी की उम्मीद पर खरा उतरने की कोशिश कर रहे थे कार्यक्रम में 'हमारे सपनों का भारत' और 'राष्ट्र निर्माण' जैसे विषयों पर भी एक पैनल चर्चा रखी गई थी। ऐतिहासिक राजा टोडरमल परिवार के वंशज राजा नमित वर्मा ने मुगल साम्राज्य के राजस्व मॉडल की स्थापना में टोडरमल की भूमिका पर अपनी बात रखी। वहीं एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स के संस्थापक सदस्य मेजर जनरल अनिल वर्मा ने भारत में बढ़ती असमानता का विश्लेषण किया और तात्कालिक सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया। तो ADR के संस्थापक सदस्य जगदीप छोकर ने उन्हें बेहतरीन तरीके से उद्धृत किया कि राष्ट्र निर्माण में जो आधारभूत समस्या या सवाल मेरे मन में आता है, वह है इस देश की जनता। इस देश की जनता को शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए लड़ना चाहिए। इस देश को इन्हीं दो चीजों की सबसे ज्यादा जरूरत है, क्योंकि ये हर मनुष्य से जुड़े हुए हैं। शिक्षा की कमी की समस्या मानसिकता से जुड़ी है, वहीं खराब स्वास्थ्यष हमारे शरीर से जुड़ा है। और जस्टिस तेवतिया को याद करने का अर्थ है कि इन दोनों तथ्यों पर गंभीरता से विचार किया जाए।तो प्रसिद्द उद्योगपति तथा दानदाता रघु हरी डालमिया ने तमाम विषयों को बहुत ही विश्लेष्णात्मक ढंग से सामने रखा "भारत को विश्व गुरु या विश्व नेता बनने के लिए राष्ट्र को भारतीय संस्कृति में पूजी जाने वाली तीन महान देवताओं– सरस्वती, दुर्गा और लक्ष्मी के प्रतीक मूल्यों को अपनाने की आवश्यकता है। ज्ञान की देवी, सरस्वती, भारत की ज्ञान शक्ति बनने की आकांक्षा का प्रतिनिधित्व करती है। शक्ति या शक्ति का प्रतीक दुर्गा, चुनौतियों पर काबू पाने के लिए आवश्यक शक्ति का प्रतीक है। वहीं धन की देवी लक्ष्मी तो वृद्धि और विकास का मार्ग प्रशस्त करने में समृद्धि का प्रतीक है।" कार्यक्रम में न्यायमूर्ति तेवतिया की पुस्तकाकार जीवनी- 'संत न्यायमूर्ति देबी सिंह तेवतिया' का भी विमोचन हुआ। गौरतलब है कि अंग्रेजी और हिंदी दोनों संस्करणों में छपी इस पुस्तक के लेखक राम कुमार अत्री हैं।विदित है कि राम कुमार अत्री को जैविक मैन ऑफ़ इंडिया भी कहा जाता है. वे जैविक भारत मिशन के संयोजक भी हैं जो भारत में जैविक कृषि और स्वस्थ्य जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए संकल्पबद्ध भी हैं. इस मिशन का उदेश्य है हर भारतीय को उत्तम भोजन, स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल और रोगरहित जीवन शैली है. अत्री का न्यायमूर्ति तेवतिया से बहुत गहरा सम्बन्ध बढ़ा है. न्यायमूर्ति तेवतिया हमेशा से ही जैविक जीवनशैली की वकालत करते वराहे हैं. उनकी इस वैचारिक विरासत को अत्री आगे बढ़ा रहे हैं। राष्ट्र निर्माण मंच प्लेटफॉर्म का अनावरण भी किया गया। जैविक भारत के बारे में जैविक भारत एक अराजनीतिक संगठन है जो पूरे भारत में जैविक कृषि और जैविक खाद्य उत्पादों के वितरण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। एक दशक से अधिक समय पहले स्थापित, संगठन सतत खेती प्रथाओं का समर्थन करने और जैविक उत्पादों तक पहुंच के माध्यम से उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए अथक प्रयास करता है। जैविक भारत के देश भर में पांच मिलियन से अधिक पंजीकृत सदस्य हैं और इसने कई व्यावसायिक संगठनों और विश्वविद्यालयों को अपनाया है जो खुद को जैविक मिशन का हिस्सा मानते हैं। संगठन की पहल किसानों को जैविक विधियों के बारे में शिक्षित करने से लेकर जैविक उत्पादों के लिए बाजार लिंकेज बनाने तक होती है। अखिल भारतीय उपस्थिति के साथ, जैविक भारत ने लाखों किसानों और उपभोक्ताओं को प्रभावित किया है, जिससे भारत के जैविक क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान हुआ है। स्थिरता और सामाजिक जिम्मेदारी के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित, जैविक भारत भारत में कृषि और पोषण के भविष्य को आकार देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहता है।

## संपादकीय

# आत्म-मंथन का विषय

हर सेवा से पैसा कमाने का चलन अब मरीज की मजबूरी से फायदा उठाने तक पहुंच गया है। मांग एवं सप्लाई के सिद्धांत यहां भी लागू होना समाज की कैसी सूरत को जाहिर करता है, यह हम सबके लिए आत्म-मंथन का विषय है। तो अब यह चलन इलाज में पहुंच गया। बड़े प्राइवेट अस्पताल अब सर्जरी या बेड की प्राथमिकता मरीजों की जरूरत के हिसाब से नहीं, बल्कि इस हिसाब से तय कर रहे हैं कि उनमें से कौन ज्यादा पैसा देगा। मतलब यह कि अस्पताल में पहले से ज्यादा मरीज भर्ती हों, तो नए मरीज को इलाज के लिए ज्यादा पैसा देना पड़ेगा। ठीक उसी तरह जैसे विमान या ट्रेन यात्रा में देना पड़ता है। जैसे-जैसे यात्रियों की संख्या बढ़ती है, टिकट महंगे होते जाते हैं। यही तरीका अब अनेक अस्पताल अपना रहे हैं। इस बारे में आई छपी एक विस्तृत रिपोर्ट के मुताबिक हेल्थ सेक्टर में यह नया चलन देखने को मिल रहा है। इससे मरीजों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। मरीजों के साथ-साथ मेडिकल बीमा कंपनियों को बढ़ी हुई लागत उठानी पड़ रही है। खबर है कि बीमा कंपनियां इस सूरत को ध्यान में रख कर पॉलिसी प्रीमियम बढ़ाने जा रही हैं। बीमा कंपनियों के मुताबिक इलाज का खर्च साल-दर-साल बढ़ रहा है। इलाज खर्च सामान्य महंगाई की दर के मुकाबले 14 फीसदी से ज्यादा बढ़ा है। वैसे में अस्पताल सर्ज प्राइस के ताजा नियम से इलाज और महंगा बना रहे हैं। नए नियम के कारण इलाज खर्च में करीब 20 फीसदी की तेजी आई है। यहां तक कि अब रुटीन इलाज में भी अस्पताल नया नियम लागू करने लगे हैं। यानी इनमें भी पीक चार्ज लागू हो रहा है। जानकारों के मुताबिक अस्पतालों ने सिर्फ सर्ज प्राइस का नया नियम ही लागू नहीं किया है। बल्कि वे कई नए तरीके अपना रहे हैं, जिससे इलाज महंगा होता रहा है। मसलन, पहले एंजियोप्लास्टी अस्पताल एक पैकेज के रूप में करते थे। इसमें एंजियोग्राम और स्टेंटिंग को एक ही कीमत में शामिल किया जाता था। लेकिन अब कई अस्पताल इसके लिए वे अलग-अलग फीस वसूल रहे हैं।

# मणिपुर की जातीय हिंसा, अधिकारियों की अग्नि परीक्षा



आरती कुमारी

हिंसा और जातीय विभाजन के कारण एस्प्रिट डे कॉर्प्स (अधिकारियों के बीच एकता और आपसी सम्मान) तनाव में है, जिससे अधिकारियों के बीच सहयोग और विश्वास कमजोर हो रहा है। संघर्ष ने एआईएस अधिकारियों के बीच पारस्परिक सम्बंधों पर गहरा प्रभाव डाला है, सामाजिक आदान-प्रदान और सहयोग दुर्लभ हो गए हैं। नफ़रत फैलाने वाले भाषण, प्रचार और ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से सार्वजनिक चर्चा के ध्रुवीकरण ने रिश्तों को और अधिक तनावपूर्ण बना दिया है, जिससे विभिन्न जातीय पृष्ठभूमि के अधिकारियों के लिए एक साथ काम करना मुश्किल हो गया है। मणिपुर में जातीय हिंसा ने गहरे जड़ें जमा चुके सांप्रदायिक संघर्षों से निपटने में भारत की प्रशासनिक प्रणाली की कमजोरी को उजागर कर दिया है। हालाँकि यह स्थिति अखिल भारतीय सेवाओं की अखंडता के लिए गंभीर चुनौतियाँ प्रस्तुत करती है, यह संघर्ष-ग्रस्त क्षेत्रों में शासन के दृष्टिकोण पर पुनर्विचार और सुधार करने का एक अनूठा अवसर भी प्रदान करती है। क्षमता निर्माण, अनुसंधान और नवीन नीति उपायों पर ध्यान केंद्रित करके, आईएएस और अन्य सेवाएँ संकट को एक सीखने के अनुभव में बदल सकती हैं जो भविष्य के संघर्षों में "स्टील फ्रेम" के लचीलेपन को मज़बूत करती है। मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा 3 मई, 2023 को भड़क उठी। इस संघर्ष में 200 से अधिक मौतें हुईं और 60, 000 लोग विस्थापित हुए। मैतेई और कुकी समुदायों के बीच संघर्ष की जड़ें मणिपुर के जातीय और ऐतिहासिक संदर्भ में गहराई से जुड़ी हुई हैं। मुख्य रूप से घाटी क्षेत्रों में रहने वाले मेइतेई और पहाड़ी जिलों में रहने वाले कुकी समुदाय के बीच लंबे समय से सामाजिक-राजनीतिक और भूमि सम्बंधी विवाद हैं। राजनीतिक सत्ता, भूमि और सरकारी संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा ने इन समुदायों के बीच तनाव बढ़ा दिया है। आरक्षण, भूमि स्वामित्व और स्वायत्तता से सम्बंधित नीतियाँ इस टकराव के केंद्र में हैं। आदिवासी और गैर-आदिवासी समूहों को वर्गीकृत करने की ब्रिटिश काल की नीतियों ने विभाजन पैदा किया जो आज भी गूंजता है। कानून-व्यवस्था की स्थिति तेजी से बिगड़ गई, सांप्रदायिक तनाव बढ़ गया और हिंसक घटनाएँ सामने आईं। सांप्रदायिक विभाजन ने अखिल भारतीय सेवाओं (एआईएस) अधिकारियों के कामकाज को गहराई से प्रभावित किया, जिससे उनके बीच भौगोलिक और मनोवैज्ञानिक बाधाएँ पैदा हुईं, संघर्ष के कारण पहाड़ी और घाटी जिले दुर्गम हो गए। वर्तमान स्थिति सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा परिकल्पित "स्टील फ्रेम" के लिए ख़तरा है, जिसमें अखिल भारतीय सेवाएँ भारत की प्रशासनिक मशीनरी की रीढ़ हैं। हिंसा और जातीय विभाजन के कारण एस्प्रिट डे कॉर्प्स (अधिकारियों के बीच एकता और आपसी सम्मान) तनाव में है, जिससे अधिकारियों के बीच सहयोग और विश्वास कमजोर हो रहा है। संघर्ष ने एआईएस अधिकारियों के बीच पारस्परिक सम्बंधों पर गहरा प्रभाव डाला है, सामाजिक आदान-प्रदान और सहयोग दुर्लभ हो गए हैं। नफ़रत फैलाने वाले भाषण, प्रचार और ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से सार्वजनिक चर्चा के ध्रुवीकरण ने रिश्तों को और अधिक तनावपूर्ण बना दिया है, जिससे विभिन्न जातीय पृष्ठभूमि के अधिकारियों के लिए एक साथ काम करना मुश्किल हो गया है। मनोवैज्ञानिक युद्ध, दुष्प्रचार और आर्थिक व्यवधान जैसे गैर-गतिशील तत्वों ने मणिपुर में तनाव को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हाइब्रिड युद्ध के हिस्से के रूप में इन युक्तियों ने जनता के मनोबल और शासन में विश्वास को कम कर दिया है, जिससे कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए ज़िम्मेदार आईएएस और अन्य सेवाओं के लिए एक महत्त्वपूर्ण चुनौती पैदा हो गई है। विभिन्न जातीय पृष्ठभूमि के सिविल सेवकों को अपनी जातीय पहचान के साथ अपने पेशेवर कर्तव्यों को संतुलित



करने में दुविधाओं का सामना करना पड़ता है। सामुदायिक अपेक्षाओं और वफादारी का दबाव बनाम प्रशासनिक तटस्थता बनाए रखने की आवश्यकता एक महत्त्वपूर्ण नैतिक चुनौती प्रस्तुत करती है। कई अधिकारियों को उनकी जातीयता के कारण व्यक्तिगत सुरक्षा खतरों का सामना करना पड़ता है। सरकारी अधिकारियों को भीड़ द्वारा निशाना बनाए जाने और सुरक्षा की आवश्यकता की रिपोर्ट उनके सामने आने वाले गंभीर खतरों को रेखांकित करती हैं। इससे मनोवैज्ञानिक तनाव पैदा हो गया है और उनके कर्तव्यों को पूरा करने की क्षमता में बाधा उत्पन्न हुई है। दुष्प्रचार, घृणास्पद भाषण और भड़काऊ सामग्री फैलाने में सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की भूमिका ने संघर्ष को बढ़ा दिया है। हिंसा और भड़काऊ भाषणों के वीडियो ने समुदायों को और अधिक ध्रुवीकृत कर दिया है, जिससे नागरिक अधिकारियों के लिए कहानी को प्रबंधित करना मुश्किल हो गया है। चुनौतियों के बावजूद, मणिपुर संघर्ष को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) और भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) जैसे संस्थानों द्वारा अनुसंधान और दस्तावेज़ीकरण के अवसर के रूप में देखा जा सकता है। इस मामले के आधार पर संघर्ष प्रबंधन, सुलह और प्रशासनिक तटस्थता पर प्रशिक्षण मॉड्यूल और क्षमता-निर्माण कार्यशालाएँ विकसित की जा सकती हैं। इस तरह के केस अध्ययन लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर जातीय केंद्रित संघर्षों से निपटने में व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान करेंगे, जो संघर्ष क्षेत्रों में शासन की शैक्षणिक और व्यावहारिक समझ में योगदान देंगे। वेबर द्वारा प्रतिपादित नौकरशाही की अवैयक्तिक प्रकृति का लाभ संघर्षग्रस्त राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए किया जा सकता है। बैचमेट्स के बीच पेशेवर टीम भावना और राष्ट्रीय एकीकरण के एजेंट के रूप में एआईएस अधिकारियों की तटस्थ भूमिका संघर्षों को हल करने के लिए एक लचीला ढांचा प्रदान करती है। शांति-निर्माण प्रयासों में अधिकारियों को शामिल करने के लिए नवीन कार्मिक प्रबंधन नीतियों का कार्यान्वयन। विभिन्न जातीय समुदायों के अधिकारियों के बीच नियमित आभासी बैठकें बेहतर सम्बंधों को बढ़ावा दे सकती हैं और संघर्ष से उत्पन्न मनोवैज्ञानिक अलगाव को कम कर सकती हैं। इस तरह के उपाय मणिपुर में उभरे प्रशासनिक सिलोस को तोड़ने में मदद कर सकते हैं, सिविल सेवाओं के भीतर बेहतर सहयोग की सुविधा प्रदान कर सकते हैं और शांति प्रक्रिया में योगदान दे सकते हैं। यह संघर्ष भारत में संघीय एकता के महत्त्व को भी रेखांकित करता है। संचार चैनलों को मज़बूत करने और राज्य और केंद्र सरकारों के बीच साझा जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने से भविष्य के संकटों को कम करने में मदद मिल सकती है। मणिपुर में जातीय हिंसा ने गहरे जड़ें जमा चुके सांप्रदायिक संघर्षों से निपटने में भारत की प्रशासनिक प्रणाली की कमजोरी को उजागर कर दिया है। हालाँकि यह स्थिति अखिल भारतीय सेवाओं की अखंडता के लिए गंभीर चुनौतियाँ प्रस्तुत करती है, यह संघर्ष-ग्रस्त क्षेत्रों में शासन के दृष्टिकोण पर पुनर्विचार और सुधार करने का एक अनूठा अवसर भी प्रदान करती है। क्षमता निर्माण, अनुसंधान और नवीन नीति उपायों पर ध्यान केंद्रित करके, आईएएस और अन्य सेवाएँ संकट को एक सीखने के अनुभव में बदल सकती हैं जो भविष्य के संघर्षों में "स्टील फ्रेम" के लचीलेपन को मज़बूत करती है।

# उत्तरप्रदेश के 9 सीटों के उपचुनाव से मालूम हो जाएगा कि प्रदेश में किस पार्टी में है कितना दम ?

**अशोक भाटिया , मुंबई**

उत्तरप्रदेश में कभी कांग्रेस के रहे वर्चस्व के बाद बारी - बारी से बसपा , सपा और भाजपा का वर्चस्व रहा है । इस समय वहां भाजपा के योगी जी का शासन कायम है पर पिछले 2024 लोकसभा चुनाव में सपा द्वारा 37 सीट जीत लेने के बाद उसका बर्गिन पॉवर बढ़ गया है । आगामी 13 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव में सपा पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) फार्मूले के साथ लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन करने वाली सपा उपचुनाव को 2027 का सेमीफाइनल मान रही है। यही कारण है कि सपा ने कांग्रेस के दबाव में आए बिना हर सीट पर अपने प्रत्याशियों को पहले ही उतारने की घोषणा कर दी थी । शिवपाल सिंह यादव सहित कई बड़े नेताओं को चुनाव प्रभारी बनाया गया। अब सपा के सामने जहां वर्ष 2022 की जीती हुई सीटों पर अपना प्रदर्शन दोहराने की चुनौती है, वहीं, भाजपा के हिस्से वाली सीटों पर सपा को अपने पिछले प्रदर्शन को सुधारने की चिंता भी। इस चुनाव में इंडिया गठबंधन की मुख्य पार्टी कांग्रेस उत्तरप्रदेश के इस उपचुनाव में लगभग बाहर हो गई है ,बाकी अब सपा और भाजपा में ही मुख्य मुकाबला होना था पर मायावती की बसपा ने भी इंट्री करली है । वैसे तो बसपा हमेशा उपचुनावों से दूर रहती है पर इस चुनाव वह भी 9 सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ रही है । अब मुकाबला त्रिकोणीय होना तय है ।इस चुनाव में बात करे सपा की तो सपा की चिंता इसलिए भी बढ़ी है, क्योंकि पश्चिमी यूपी में पिछली बार उसको रालोद का साथ मिला था। इस बार रालोद भाजपा के साथ है। वहीं, सपा आईएनडीआई गठबंधन में जिस कांग्रेस के साथ लड़ने की सोच रही थी उसका पिछले विधानसभा का प्रदर्शन निराशाजनक था इसी कारण शायद सपा उससे दूर हो गई । जिन नौ सीटों पर उपचुनाव होने जा रहा है उसमें भाजपा ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में गाजियाबाद, खैर और फूलपुर जीती थी। मझवां सीट एनडीए गठबंधन की निषाद पार्टी ने जीता था। वहीं, सपा गठबंधन में रहते हुए मीरापुर सीट पर राष्ट्रीय लोकदल ने जीत दर्ज की थी। इस बार राष्ट्रीय लोकदल भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। सपा ने अपने चुनाव चिन्ह पर सीसामऊ, करहल, कटेहरी और कुंदरकी सीट जीती थी। करहल सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के कन्नौज से सांसद बनने के बाद रिक्त हुई है।करहल जहां सपा के लिए नाक का सवाल बन गई है, वहीं, सीसामऊ, फूलपुर, कुंदरकी और कटेहरी की हार- जीत उनके वरिष्ठ नेताओं का कद भी तय करेगी। सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव कटेहरी के चुनाव प्रभारी हैं। इस सीट की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ली है। इसी तरह वीरेंद्र सिंह को मझवां, चंद्रदेव यादव को करहल, इंद्रजीत सरोज को फूलपुर और राजेंद्र कुमार को सीसामऊ सीट का प्रभारी बनाया गया है। फूलपुर सीट वर्ष 2012 में सपा जीती थी। हालांकि, वर्ष 2017 में इसे भाजपा ने सपा से छीन लिया था। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में फूलपुर सीट पर भाजपा और सपा के बीच कांटे की टक्कर हुई थी। भाजपा के प्रवीण सिंह पटेल से सपा के मो. मुज्तबा सिद्दीकी केवल 2732 वोटों से हार गए थे। बसपा ने 33 हजार वोट पाकर सपा का खेल बिगाड़ दिया था। कुर्मी बहुल इस सीट पर भाजपा ने फिर से इसी समाज के दीपक पटेल को टिकट दिया है। सपा ने भी पिछले विधानसभा चुनाव लड़ने वाले अपने प्रत्याशी मो. मुज्तबा सिद्दीकी को फिर मैदान में उतारा है। मीरजापुर की मझवां सीट पर पिछले चुनाव में एनडीए में शामिल निषाद पार्टी के डॉ. विनोद कुमार बिंद को 1,03,235 वोट मिले थे, वहीं, सपा को 69,648 मत प्राप्त हुए थे। इस बार सपा ने बिंद समाज से ही पूर्व सांसद रमेश बिंद की बेटी डॉ. ज्योति बिंद पर दांव लगाया है।पिछले चुनाव में भाजपा से 33587 वोटों से पिछड़ने वाली सपा के लिए यह सीट किसी चुनौती से कम नहीं है। इसी तरह सपा के लिए गाजियाबाद और खैर सीट पर अपना प्रदर्शन बेहतर करने की चिंता सबसे अधिक है। सपा 2004 के बाद गाजियाबाद सीट पर कभी जीत दर्ज नहीं करा सकी है। 2007 से यह सीट भाजपा का मजबूत किला है। 2022 के चुनाव में भाजपा को इस सीट पर कुल 61.37 प्रतिशत वोट मिले थे, वहीं, सपा को केवल 18.25 और कांग्रेस को 4.81 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए थे। करहल विधानसभा सीट से 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव को जीत मिली थी। तब उन्होंने भाजपा के उम्मीदवार एसपी सिंह बघेल को हराया था। एसपी सिंह बघेल इस बार आगरा संसदीय सीट से चुनाव जीते हैं। करहल समाजवादी पार्टी का गढ़ है और सपा यहां कई बार चुनाव जीत चुकी है।2022 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को 1,47,237 वोट मिले थे जबकि एसपी सिंह बघेल को 80,455 और बसपा उम्मीदवार कुलदीप नारायण को 15,643 वोट मिले थे। सपा को पूरी उम्मीद है कि वह इस सीट पर फिर से जीत हासिल करेगी। इस बार सपा ने तेज प्रताप यादव, बीजेपी ने अनुजेश यादव और बसपा ने अविनाश कुमार शाक्य को टिकट दिया है। खैर विधानसभा सीट अलीगढ़ जिले में है और यह अनूप प्रधान वाल्मीकि के हाथरस सीट से सांसद चुने जाने की वजह से खाली हुई है। अनूप प्रधान वाल्मीकि यहां से दो बार विधायक रहे और योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। भाजपा के अलावा आरएलडी और बसपा की भी इस सीट पर अच्छी मौजूदगी है। 2022 के विधानसभा चुनाव में अनूप प्रधान वाल्मीकि को 1,38,517, बसपा उम्मीदवार डॉ. चारू कैन को 64,996 और आरएलडी के उम्मीदवार भगवती प्रसाद को 41,154 वोट मिले थे।खैर में बीजेपी मजबूत है लेकिन बसपा उम्मीदवार के इस बार सपा के टिकट पर चुनाव लड़ने की वजह से पार्टी के सामने चुनौती खड़ी हुई है। हालांकि भाजपा को भी यहां आरएलडी के कार्यकर्ताओं का समर्थन मिलेगा। खैर में इस बार सपा ने डॉ. चारू कैन, भाजपा ने सुरेंद्र दिलेर और बसपा ने डॉ. पहल सिंह को टिकट दिया है। मीरापुर विधानसभा सीट मुजफ्फरनगर जिले में है। 2022 के विधानसभा चुनाव में यहां से आरएलडी के टिकट पर लड़े चंदन चौहान चुनाव जीते थे। तब आरएलडी का सपा के साथ गठबंधन था। 2022 के चुनाव में चंदन चौहान को 1,07,124, बीजेपी के उम्मीदवार प्रशांत चौधरी को 79,693 और बसपा के उम्मीदवार मोहम्मद सालिम को 23,733 वोट मिले थे। लोकसभा चुनाव से पहले आरएलडी ने बीजेपी के साथ हाथ मिला लिया था। इस सीट पर निश्चित रूप से कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।मीरापुर सीट पर आरएलडी की ओर से मिथलेश पाल, सपा ने सुम्बुल राणा और बसपा ने शाह नजर को उम्मीदवार बनाया है। सीसामऊ सीट पर सपा की ओर से नसीम सोलंकी, भाजपा ने सुरेश अवस्थी और बसपा ने वीरेंद्र शुक्ला को टिकट दिया है। कुंदरकी विधानसभा सीट मुरादाबाद जिले में है। यह सीट जिया उर रहमान के लोकसभा चुनाव में संभल सीट से सांसद चुने जाने की वजह से खाली हुई है। इस सीट पर 62% मुस्लिम मतदाता हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में कुंदरकी सीट पर सपा उम्मीदवार जिया उर रहमान को 1,25,465, बीजेपी उम्मीदवार कमल कुमार को 82,467 और बसपा प्रत्याशी मोहम्मद रिजवान को 42,645 वोट मिले थे। कुंदरकी में मुस्लिम मतदाताओं की बड़ी संख्या को देखते हुए भाजपा की कोशिश हिंदू वोटों को एकजुट करने की है। कुंदरकी में भाजपा की ओर से रामवीर सिंह ठाकुर, सपा की ओर से हाजी रिजवान और बसपा के टिकट पर रफतउल्ला चुनाव लड़ रहे हैं। गाजियाबाद विधानसभा सीट यहां से बीजेपी के स्थानीय विधायक अतुल गर्ग के गाजियाबाद लोकसभा सीट से सांसद चुने जाने की वजह से खाली हुई है। अतुल गर्ग ने 2022 के विधानसभा चुनाव में इस सीट से सपा के उम्मीदवार विशाल वर्मा को 1 लाख से ज्यादा वोटों से हराया था। अतुल गर्ग को 1,49,841, विशाल वर्मा को 44,452 और बसपा प्रत्याशी कृष्ण कुमार को 32,554 वोट मिले थे। माना जा रहा है कि बीजेपी को इस सीट पर सपा की ओर से बड़ी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ेगा। गाजियाबाद में बीजेपी की ओर से संजीव शर्मा, सपा की ओर से सिंह राज जाटव और बसपा के टिकट पर पीएन गर्ग चुनाव लड़ रहे हैं। प्रयागराज जिले में आने वाली फूलपुर विधानसभा सीट भाजपा के विधायक रहे प्रवीण पटेल के फूलपुर लोकसभा सीट से सांसद चुने जाने की वजह से खाली हुई है। 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के उम्मीदवार प्रवीण पटेल को 1,03,014, सपा प्रत्याशी मोहम्मद मुजतबा सिद्दीकी को 99,920 और बसपा प्रत्याशी राम तौलन यादव को 32,869 वोट मिले थे। इस सीट पर 2022 की ही तरह बीजेपी और सपा के बीच बेहद नजदीकी मुकाबला रहने की उम्मीद है। फूलपुर में भाजपा ने दीपक पटेल, सपा ने मुस्तफा सिद्दीकी और बसपा ने जितेंद्र ठाकुर को टिकट दिया है। मझवां विधानसभा सीट मिर्जापुर जिले में है और 2022 में यहां से निषाद पार्टी के विधायक विनोद कुमार बिंद चुनाव जीते थे। बिंद इस बार भदोही लोकसभा सीट से भाजपा के टिकट पर सांसद चुने गए हैं। इस विधानसभा सीट पर अति पिछड़ी जाति के मतदाताओं की संख्या अच्छी खासी है। 2022 में मंझवा से बीजेपी उम्मीदवार रहे डॉ. विनोद कुमार बिंद को 1,03,064, सपा उम्मीदवार रोहित शुक्ला को 69,091, बसपा प्रत्याशी पुष्पलता बिंद को 52,825 वोट मिले थे। इस सीट पर बीजेपी के लिए जीत दर्ज करना बहुत मुश्किल नहीं माना जा रहा है। मझवां में बीजेपी ने सुचिस्मिता मौर्या, सपा ने ज्योति बिंद और बसपा ने दीपू तिवारी को टिकट दिया है। सीसामऊ विधानसभा सीट कानपुर जिले में है। 2022 के चुनाव में सपा के टिकट पर जीते इरफान सोलंकी को आगजनी के एक मामले में 7 साल कैद की सजा सुनाने के बाद उन्हें विधानसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इरफान सोलंकी तीन बार सपा के टिकट पर विधायक रहे हैं। सपा ने इस बार इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी को उम्मीदवार बनाया है। 2022 के विधानसभा चुनाव में इरफान सोलंकी को 78,851, बीजेपी उम्मीदवार सलिल बिश्नोई को 66,530 और बसपा उम्मीदवार रजनीश तिवारी को 2891 वोट मिले थे। भाजपा को इरफान सोलंकी के इस किले में छेद करने के लिए पूरी ताकत के साथ उतरना होगा।सीसामऊ सीट पर सपा की ओर से नसीम सोलंकी, भाजपा ने सुरेश अवस्थी और बसपा ने वीरेंद्र शुक्ला को टिकट दिया है। अब यह तो 23 नवंबर को तय होगा कि किसमे कितना है दम और तय करेगा कि 2027 के विधान सभा चुनाव में किसकी राह होगी आसान ।




**मेष राशिः** आज किसी पुरानी जमीन से आपको धन लाभ होगा। इस बीच आपके जीवनसाथी को भी तरक्की का कोई अच्छा अवसर मिलेगा। आज परिस्थितियां बदलने के योग हैं और नई उम्मीदें बनेगी। कुछ लोग जो आप के खिलाफ थे, वो आज आपके सामने नतमस्तक होंगे। आपके रिश्ते फिर से अच्छे हो जाएंगे। आज लवमेट के साथ किसी मनोरंजक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बन सकता है। आपकी मेहनत देखकर बॉस आपको कोई जरूरत की चीज़ गिफ्ट करेंगे।

**वृष राशिः** आज कारोबार में अचानक से आपको फायदा होगा। आज किसी काम के लिए की गई कोशिश सफल रहेगी। आज मन में चल रहे सवालों का जवाब भी खुद को ही तलाशना होगा। आज दिखावे के चक्कर में अधिक खर्च करने या कर्ज लेने से बचें। सोच-विचार में अपनों की राय लेनें से उपलब्धियां आपके हाथ लगेगी। आज व्यवसायिक गतिविधियों को और समय देंगे। जिससे बेहतर नतीजे मिल सकेंगे।

**मिथुन राशि :** ऑफिस में आज काम का बोझ अधिक हो सकता है। आज कारोबार में अचानक कुछ लाभ हो सकते हैं, स्थान परिवर्तन के भी योग है। आज दोस्तों और रिश्तेदारों से मुलाकात खुशी देगी। एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना जरूरी है। आज सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति रहेगी और किसी परेशानी का भी हल मिलेगा। अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें।

**कर्क राशिः** आज अधिकारी वर्ग से आपको पॉजीटिव रिस्पॉन्स प्राप्त होगा। आज घर में सुखद और अनुशासित माहौल रहेगा। काफी समय बाद रिश्तेदारों से मेल-मुलाकात आपको उत्साहित करेगा। आज दिनभर बहुत व्यस्तता रहेगी। लेकिन मनोनुकूल नतीजे मिलने से प्रसन्नता होगी। किसी समारोह में शामिल होने का निमंत्रण मिलेगा, आपसी मेलजोल बढेगा।

**सिंह राशि :** आज आपको घर की कुछ नयी जिम्मेदारी संभालनी पड़ेगी। आज कोई रुका हुआ काम पूरा होने वाला है, साथ ही आप कई प्रकार की गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे साथ ही आपका सामाजिक दायरा भी बढ़ेगा। प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात होगी और कुछ बेहतरीन जानकारियां भी मिलेंगी। आपका जीवनसाथी आपको कोई सरप्राइज दे सकता है।

**कन्या राशिः** आज कार्यालय पर अधिकारी वर्ग आपके ऊपर काम को लेकर थोड़ा दबाव बनायेंगे। आज किसी नजदीकी रिश्तेदार के साथ अपने विचारों को साझा करेंगे रिश्तों में मधुरता आएगी। जिससे घर परिवार में भी खुशी भरा माहौल रहेगा। आज पुरानी नकारात्मक बातों को वर्तमान पर हावी ना होने दें और रिश्तों को सहेज कर रखें। आज आपकी ऑफिशियल यात्रा आपके लिए फायदेमंद रहेगी।

**तुला राशिः** आज आप उत्साह से भरे रहेंगे। आज कोई भी निवेश सोच-समझकर ही करेंगे। लोगों के साथ बातचीत करते समय सावधान रहें, गलतफहमियों की वजह से रिश्तों में अनबन हो सकती हैं। बच्चों की समस्याओं के समाधान में आपका सहयोग रहेगा। आज कामकाज में व्यस्तता रहेगी। व्यापार में महत्वपूर्ण फैसले लेंगे, जो आपके लिए कारगर साबित होंगी।

**वृश्चिक राशिः** आज आप अपने कार्यों को जल्दी पूरा करने के लिए पूरी मेहनत करेंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे। परिवार के सब लोग आपसे खुश रहेंगे। आज किसी मित्र की गलत सलाह आपको आपके लक्ष्य से भटका सकती हैं। इसलिए सोच-समझकर ही कदम उठाएंगे तो परेशानी से बच जायेंगे। घर के बुजुर्गों की सलाह और मार्गदर्शन की अवहेलना ना करें। कुछ समय बच्चों के साथ बिताएंगे।

**धनु राशिः** आज किसी नई योजना को बनाने में आप सफल होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। किसी खास काम में आपको माता का सहयोग प्राप्त होगा। आज कार्यभार की वजह से शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है। अपने कामों को दूसरों के साथ बांटने का प्रयास करेंगे तो आसानी होगी। आज नई शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। आपकी मेहनत और कोशिश के बढ़िया नतीजे सामने आएंगे।

**मकर राशि :** आज आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आज नए लोगों से मिलने-जुलने का अवसर मिलेगा। आज किसी आदर्श व्यक्ति की प्रेरणा से सजगता और भरपूर ऊर्जा मिलेगी। आपसी बातचीत द्वारा कई परिस्थितियां सामान्य हो जाएंगी। किसी काम में संघर्ष के बाद सफलता मिलने के योग हैं। आज अपने ऊपर अतिरिक्त कार्यभार या जिम्मेदारियां ना लें, क्योंकि सभी कार्यों के बीच संतुलन बनाकर रखने में समय लग सकता है।

**कुंभ राशिः** आज आप दोस्तों के लिए मददगार साबित होंगे। आज अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करने की जरूरत है, इससे आप अपने कार्यों को बेहतरीन तरीके से अंजाम देंगे। आज किसी दोस्त या रिश्तेदार के साथ चल रही अनबन दूर होगी। संतान की तरफ से संतोषजनक नतीजे मिलने से सुकून मिलेगा। ऑफिस में आज आपसे सभी लोग खुश रहेंगे।

**मीन राशि :** आज आप सकारात्मक विचारों के साथ अपने काम को आसानी से पूरा कर लेंगे। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज आपको कार्यप्रणाली में लाए गए परिवर्तन के अनुकूल परिणाम मिल सकते हैं। आज आपका व्यवसायिक दृष्टिकोण कई मामलों को सुलझाने में सक्षम भी रहेगा। आज पारिवारिक माहौल अच्छा रहेगा। आज आप जिस काम के प्रति कड़ी मेहनत कर रहे हैं वो आपके लिए सकारात्मक और फायदेमंद साबित होगी।

## शब्द सामर्थ्य -220

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**
1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | ■ | 2 | | 3 | ■ | ■ |
| | ■ | 4 | | | ■ | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 8 | 9 | | | 10 |
| 11 | | ■ | 12 | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | 13 | | 14 | | ■ | ■ | |
| | ■ | 15 | | | ■ | 16 | | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 20 | | | ■ | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 219 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| त्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | र्रा |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौ | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |

## सूडोकु नवताल- 7232

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

Jagruti**ur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7231 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

# एक सीरीज हारने से रणनीति नहीं बदल सकते : रोहित



**पुणे**। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हार को निराशाजनक बताया है पर कहा कि इससे कुछ निष्कर्ष नहीं निकाले जा सकते हैं न ही अपनी रणनीति बदली जा सकती है। उन्होंने कहा कि भविष्य को ध्यान में रखते हुए शांति से इस बारे में बात करनी होगी, किसी प्रकार का अलग तरीका अपनाना फायदेमंद नहीं रहेगा। न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट में भारत को हराकर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। रोहित ने कहा,'कुछ खिलाड़ियों से शांत माहौल में बातचीत करने की जरूरत है। उन्हें यह बताना जरूरी है कि वे कहां है और टीम उनसे क्या उम्मीद रखती है।' अब उनका लक्ष्य खिलाड़ियों को वास्तविकता से अवगत कराना है पर इस दौरान वह कोई विवाद नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा,'मुझे नहीं लगता कि आपको उन्हें एक-एक करके टीम रूम में बिठाने, उनकी पारियों को देखने और उन्हें यह बताने की ज़रूरत है कि उन्हें क्या करना चाहिए और क्या नहीं।' रोहित ने कहा, 'केवल इसलिए कि हम एक सीरीज हार गए हैं तो हमें अलग तरह से बात करने या अलग तरीके अपनाने की जरूरत है। हमें केवल उन हालातों से बाहर आने की जरुरतत है।' रोहित ने कहा कि उन्हें अपने खिलाड़ियों पर भरोसा है, जिन्होंने भारत को कई मैच जिताए हैं। भारतीय कप्तान ने कहा,'मुझे किसी की क्षमता पर कोई संदेह नहीं है। इस हार से सीख लेते हुए बल्लेबाजों को अपनी तय रणनीति के साथ मैदान पर उतरना होगा। साथ ही अपने पर भरोसा रखना होगा पर मैं किसी प्रकार का गैरजरुरी दबाव नहीं बनाना चाहूंगा।'

# आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में उतर सकते हैं ऋषभ



**नई दिल्ली**। आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के आईपीएल 2025 के लिए मेगा नीलामी में उतरने की संभावनाएं हैं। माना जा रहा है कि दिल्ली कैपिटल्स अब ऋषभ को कप्तान के तौर पर रिटेन नहीं करना चाहती है। सभी 10 टीमों को आने वाले दिनों में अपनी रिटेंशन लिस्ट जमा करनी हैं। ऐसे में सभी फ्रेंचाइजी अपनी सूची को अंतिम रुप देना चाहती हैं। प्राप्त जानाकरी के अनुसार ऋषभ को प्रबंधन एक बार फिर कप्तान बनाने को लेकर स्पष्ट नहीं है। प्रबंधन इस मामले पर संशय में है। ऋषभ साल 2016 से दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े हुए हैं, लेकिन अब उनकी स्थिति स्पष्ट नहीं है। रिटेंशन लिस्ट जमा करने की समय सीमा के करीब आने के साथ, यह अटकलें तेज हो गई हैं कि उन्हें रिटेन नहीं किया जाएगा। वह हालांकि आईपीएल में सबसे चर्चित नामों में से एक हैं और उनकी टीम में भूमिका हमेशा अहम रही है। दिल्ली कैपिटल्स के प्रबंधन के लिए उनकाभविष्य तय करना एक बड़ा निर्णय होगा। इसका कारण है कि ये विकेटकीपर बल्लेबाज एक मैच विजेता खिलाड़ी हैं। पंत के आईपीएल में प्रदर्शन को देखते हुए, कई फ्रेंचाइजी उनकी नीलामी में रुचि दिखा सकती हैं, खासकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), जो एक नए कप्तान की तलाश में हैं। इसके अलावा, पंत के पूर्व कोच रिकी पोंटिंग के साथ उनके अच्छे संबंध भी चर्चा का विषय हैं हालांकि, पोंटिंग अब दिल्ली कैपिटल्स की जगह पर पंजाब किंग्स के कोच बन गए हैं, जिससे यह संभावना बढ़ गई है कि पंजाब भी इस क्रिकेटर को खरीदने के लिए बड़ी बोली लगा सकती है। ऐसे में ऋषभ को लेकर आने वाले दिनों में स्पष्टता मिलने की उम्मीद है। दिल्ली कैपिटल्स के प्रशंसक बेसब्री से इस निर्णय का इंतजार कर रहे हैं, जो टीम के भविष्य को प्रभावित कर सकता है।

# विराट ने गुस्से में आईस बॉक्स पर मारा बल्ला



**पुणे**। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ हुई सिरीज में पहले दोनो ही टेस्ट मैचों में असफल रहे और रन नहीं बना पाये। विराट कीवी टीम के स्पिनरों विशेषकर मिचेल सैंटनर के सामने टिक नहीं पाये। वह पहली पारी में फुल टॉस पर क्लीन बोल्ड हो गए। विराट सैंटनर की गेंद खेल नहीं पाये और आउट होने के बाद हताश होकर उन्होंने अपना बल्ला आईस बॉक्स पर दे मारा। विराट के खराब प्रदर्शन के कारण भारतीय टीम सीरीज के दोनो ही मैचों में रन नहीं बना पायी और उसे हार का सामना करना पड़ा। इस दौरे पर ना सिर्फ मेहमान टीम ने 35 साल बाद भारत में आकर पहली टेस्ट जीत हासिल की बल्कि पहली बार भारत को उसी के घर पर टेस्ट सीरीज में हराने में सफलता की। सैंटनर ने दूसरे टेस्ट में कुल 13 विकेट लेकर भारतीय बल्लेबाजी को धवस्त कर दिया। उन्होंने दोनों पारी में विराट को आउट किया। विराट इस सीरीज में एक बार ही अर्धशतक लगा पाये और बाकि मैचों में वह रन नहीं बना पाये। विराट पिछली चार पारी में 0, 70, 1, 17 रन ही बना पाये।

## पेरिस मास्टर्स नहीं खेल रहे जोकोविच



**पेरिस**। सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच इस बार पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट नहीं खेल रहे हैं। जोकोविच के नहीं खेलने के कारणों की जानकारी नहीं है। वहीं आयोजकों ने भी कहा है कि जोकोविच ने अपना नाम वापस ले लिया है पर उसके पीछे के कारण नहीं बताये हैं। जोकोविच ने पिछले सप्ताह 'सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी टूर्नामेंट में भाग लिया था। सबसे लंबे समय तक विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर रहे इस सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा, 'मुझे उन प्रशंसकों के लिए दुख है जो मुझे वहां खेलते हुए देखना चाहते थे। वहां सात खिताब जीतने के दौरान पेरिस में मेरी कई अच्छी यादें हैं और उम्मीद है कि अगले साल में वहां वापसी करुंगा। जोकोविच ने पेरिस इनडोर टूर्नामेंट में रिकॉर्ड सात खिताब जीते हैं। उनके इसमें नहीं खेलने से साल के अंत में होने वाले एटीपी फाइनल्स के लिए उनके क्वालीफाई करने की संभावनाओं भी कम हुई हैं। एटीपी फाइनल्स में शीर्ष आठ खिलाड़ी शामिल होंगे। जोकोविच अभी एटीपी फाइनल्स की दौड़ में छठे स्थान पर बने हुए हैं। वहीं जैनिक सिनर, कार्लोस अलकराज, अलेक्जेंडर ज्वेरेव और डेनियल मेदवेदेव ने 10 से 17 नवंबर तक होने वाली एटीपी फाइनल्स के लिए पहले ही क्वालीफाई कर लिया था।

# फिटनेस को बेहतर बनाने ताइक्वांडो और कराटे का अभ्यास कर रही दीक्षा



**गुरुग्राम**। महिला गोल्फर दीक्षा डागर आजकल अपनी फिटनेस को बेहतरत बनाने में लगी हैं। इसी के तहत ही वह आजकल ताइक्वांडो और कराटे का अभ्यास कर रही है। दीक्षा कुछ समय पहले एक सड़के हादसे में घायल हो गयीं थी। उसके बाद से ही वह फिटनेस की समस्या से जूझ रही हैं। इससे उनके प्रदर्शन पर भी प्रभाव पड़ा है। दीक्षा ने कहा, ''मैं अपनी फिटनेस के साथ ताकत हासिल करने पर काम कर रही हूं। मैं इसके लिए कराटे सीख रही हूं और नियमित तौर पर जिम जा रही हूं।'' अपने पेशेवर करियर में तीन खिताब जीतने वाली दीक्षा ने कहा, '' मैंने एक सुबह पार्क में जॉगिंग करते समय कुछ बच्चों को कराटे करते हुए देखा और फिर मैंने भी इसे सीखना शुरू कर दिया। इस युवा खिलाडी ने कहा कि पेरिस में हुई सड़क दुर्घटना का उनके खेल पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। दुर्घटना में हालांकि उन्हें ज्यादा चोट नहीं लगी थी।'' हीरो वुमेंस इंडियन ओपन में खेल रही दीक्षा ने कहा, '' इस कोर्स पर अच्छा करने का मंत्र है कि आप अपने हर शॉर्ट का आनंद उठाओ। मैं अपने खेल में सुधार करने पर काम कर रही हूं और अपनी लय से खुश हूं। मैं इस बार अपने से कोई उम्मीद रखे बिना बस अपने खेल का आनंद उठाना चाहती हूं।'' पिछले सत्र में तीसरे स्थान पर रही दीक्षा ने कहा, '' मैं पिछले साल के प्रदर्शन से सकारात्मक सीख ले रही हूं। यहां मैदान पर गेंद की गति काफी ज्यादा हैं, मैं ताइवान में खेल कर आयी हूं, यहां गति बहुत कम थी। ऐसे में यहां तालमेल बिठाने के लिए थोड़ा परिश्रम करना होगा। यह मानसिक पहलू के बारे में ज्यादा है।'' गौरतलब है कि हीरो वुमेंस इंडियन ओपन में दुनिया भर से 114 महिला गोल्फ खिलाड़ी भाग ले रही है।

## व्यापार

# वैश्विक रुख और कंपनी परिणाम से तय होगी शेयर बाजार की दिशा : विशेषज्ञ

### ईरान-इजराइल संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों का भी बाजार पर रहेगा असर



**नई दिल्ली**। स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह के दौरान विदेशी निवेशकों की गतिविधियों, वैश्विक रुख और कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी। बाजार के विश्लेषकों ने कहा है कि मासिक डेरिवेटिव्स अनुबंधों के निपटान की वजह से बाजार में कुछ और गिरावट देखने को मिल सकती है। विदेशी कोषों की भारी निकासी और कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजे अच्छे नहीं रहने की वजह से पिछले सप्ताह बाजार में बड़ी गिरावट आई थी। एक विशेषज्ञ ने कहा कि अगले महीने की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले निवेशकों के सतर्क रहने से निकट अवधि में बाजार में कमजोरी का रुख जारी रह सकता है। दिवाली के मौके पर शुक्रवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे, लेकिन शाम को एक घंटे के लिए विशेष मुहूर्त कारोबार होगा। प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई और एनएसई एक नवंबर को दिवाली के अवसर पर एक घंटे का विशेष मुहूर्त कारोबार आयोजित करेंगे, जो नए संवत 2081 की शुरुआत का प्रतीक है। बाजार के विश्लेषकों ने कहा कि हमें उम्मीद है कि अल्पावधि में बाजार में गिरावट जारी रहेगी। इस रुख में बदलाव एफआईआई की बिकवाली की रफ्तार कम होने और अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों के नतीजों पर निर्भर करेगा। आगे चलकर एफआईआई का प्रवाह बाजार की दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जबकि अक्टूबर के वायदा एवं विकल्प निपटान की वजह से बाजार में उतार-चढ़ाव रहने की उम्मीद है। अभी दूसरी तिमाही के नतीजों का सत्र चल रहा है। ऐसे में आगामी तिमाही नतीजे बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर भू-राजनीतिक घटनाक्रम, विशेष रूप से ईरान-इजराइल संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों पर इसका असर बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले दुनियाभर के बाजार सतर्क और इंतजार करो का रुख अपना सकते हैं। महत्वपूर्ण आंकड़े जैसे अमेरिका के रोजगार के आंकड़े, सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े, चीन का पीएमआई विनिर्माण आंकड़ा बाजार के लिए महत्वपूर्ण संकेतक होंगे। अमेरिका का मुख्य पीसीई मूल्य सूचकांक 31 अक्टूबर को जारी होगा, जिसके आधार पर अमेरिकी केंद्रीय बैंक महंगाई का आकलन करता है। इसके अलावा बैंक ऑफ जापान भी 31 अक्टूबर को अपने ब्याज दर पर निर्णय की घोषणा करने वाला है। इस सप्ताह अदाणी पावर, बीएचईएल, अदाणी एंटरप्राइजेज, अदाणी पोर्ट्स और डाबर इंडिया अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। एक विश्लेषक ने कहा कि अक्टूबर की शुरुआत में शुरू हुई एफपीआई की बिकवाली का सिलसिला जारी है और अभी इस रुख के पलटने का कोई संकेत नहीं है। चीन द्वारा प्रोत्साहन उपायों की घोषणा के बाद एफपीआई की बिकवाली शुरू हुई है। इसके अलावा चीन के शेयरों का मूल्यांकन भी कम है। भारत में शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन की वजह से एफपीआई बिकवाल बने हुए हैं। एफपीआई की बिकवाली से बाजार धारणा प्रभावित हुई है और निफ्टी अपने शीर्ष स्तर से आठ प्रतिशत नीचे आ गया है। कमजोर वैश्विक संकेतों, दूसरी तिमाही के उम्मीद से कमजोर नतीजों की वजह से कुल मिलाकर निफ्टी 26,277 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर से आठ प्रतिशत नीचे आ गया है। अमेरिका में पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनावों की वजह से अभी बाजार में कमजोरी का यह रुख जारी रहेगा।

# पेट्रोल और डीजल कीमतें स्थिर

### दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर



**नई दिल्ली**। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों के घटने और बढ़ने के दौरान घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के भाव रविवार को स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार देश में रविवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 2.14 प्रतिशत उबलकर 71.69 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया जबकि लंदन ब्रेंट क्रूड 0.20 प्रतिशत उतरकर 75.90 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार रही। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर 87.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर, डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 प्रति लीटर, डीजल 92.34 रुपए प्रति लीटर और कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपए प्रति लीटर, डीजल 90.76 रुपए प्रति लीटर है।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 मन की बात का 115वां एपिसोड,डिजिटल अरेस्ट पर PM बोले:फ्रॉड कॉल आने पर रुको,सोचो और फिर एक्शन लो
2 आत्मनिर्भरता हमारी नीति ही नहीं,हमारा जुनून भी';मन की बात में बोले पीएम मोदी
3 मन की बात' के 115वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत ने हर युग में कुछ चुनौतियों का सामना किया है,आज मन की बात में मैं दो ऐसे महानायकों की चर्चा करूंगा जिनमें साहस और दूरदर्शिता थी,देश ने उनकी 150वीं जयंती मनाने का फैसला किया है,31 अक्टूबर से सरदार पटेल की 150वीं जयंती वर्ष की शुरुआत होगी,इसके बाद 15 नवंबर से भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष की शुरुआत होगी
4 बहुत साल नहीं हुए, सिर्फ 10 साल पहले की बात है,तब अगर कोई कहता था कि भारत में कोई जटिल तकनीक विकसित की जा रही है तो कई लोगों को विश्वास नहीं होता था,तो कई उपहास उड़ते थे;लेकिन आज वही लोग,देश की सफलता को देखकर अचंभे में रहते हैं,आत्मनिर्भर हो रहा भारत हर क्षेत्र में कमाल कर रहा है:पीएम मोदी
5 सीमा पार घुसपैठ रुकने पर ही बंगाल में शांति आ सकती है,अमित शाह बोले:हम इसे रोकेंगे
6 अमित शाह ने कहा कि क्षेत्र में शांति स्थापित करने में भू पत्तन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं,जब सीमा पार लोगों की वैध आवाजाही की कोई गुंजाइश नहीं होती है,तो आवाजाही के अवैध तरीके सामने आते हैं,जिसका असर देश की शांति पर पड़ता है
7 भाजपा के साथ मतभेद की बात को RSS ने किया खारिज,राहुल को बातचीत के लिए किया आमंत्रित
8 विदेश मंत्री जयशंकर बोले:चीन के साथ भरोसा बहाली और मिलकर काम करने में लगेगा वक्त,भारत अपनी बात पर कायम
9 मथुरा में अयोध्या जैसा कुछ करने की जरूरत नहीं,कृष्ण जन्मभूमि विवाद पर बोले RSS के दत्तात्रेय होसबाले
10 जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने पर केंद्र सहमत,संसद के विंटर सेशन में प्रस्ताव लाया जाएगा;लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना रहेगा
11 CJI बोले:सरकार के प्रमुख से मिलना डील होना नहीं,वे न्यायपालिका के लिए बजट देते हैं,अगर लेटर पर निर्भर रहेंगे तो काम नहीं होगा
12 मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में नौ लोग घायल,कई की हालत गंभीर,दिवाली और छठ के त्योहारों के मद्देनजर अपने पैतृक स्थानों पर जाने की योजना बना रहे बड़ी संख्या में लोग बांद्रा टर्मिनस पहुंचे थे,जहां अनारक्षित ट्रेन को प्लेटफॉर्म पर लाए जाने के दौरान कई यात्री उसमें चढ़ने के लिए दौड़ पड़े
13 मुंबई के बांद्रा हादसे पर राजनीति तेज,विपक्ष ने केंद्र सरकार पर उठाए सवाल,डबल इंजन सरकार में जंगलराज,बुलेट ट्रेन की बात करते हैं,जमीनी हकीकत नहीं समझते
14 एमवीए में सीट बंटवारे पर राहुल नाराज;पटोले का उद्धव को पत्र,प्रत्याशी घोषित करने पर आपत्ति जताई
15 शिवसेना-उद्धव गुट की तीसरी लिस्ट में 5 नाम,अब तक 85 उम्मीदवारों का ऐलान,MVA में 288 में से 223 कैंडिडेट घोषित
16 शेयर बाजार में इस हफ्ते गिरावट का अनुमान, कंपनियों के तिमाही नतीजों से लेकर FII-DII फ्लो तक;5 फैक्टर्स तय करेंगे बाजार की चाल
17 ईरान पर हमले में इजराइली महिला फाइटर पायलट शामिल थीं,1600 किमी दूर बैलिस्टिक मिसाइल ठिकाने तबाह किए;अमेरिका बोला: पलटवार की भूल न करें
18 ईरान-इजरायल में छिड़ने वाला है महासंग्राम? US की चेतावनी के बावजूद ईरान पीछे हटने को तैयार नहीं
19 इजरायल का खतरनाक ऑपरेशन डेज़ ऑफ रिपेंटेंस':100 जेट्स ने ईरान के 20 मिसाइल और ड्रोन सेंटर बनाए निशाना
20 मिडिल ईस्ट में मचेगा तांडव? US ने दिखाई ईरान को आंख तो मुस्लिम देश हो गए एक्टिव
21 अफसर संग कॉपरेट तो करना पड़ेगा,महिला पुलिसकर्मियों ने लगाए यौन शोषण के आरोप
22 ईरान पर हमले के बाद इसराइल की सेना बोली,हमारे विमान सुरक्षित घर लौटे
23 फ्लाइट्स में बम की धमकी पर केंद्र की एडवाइजरी,कहा:झूठी जानकारी रोकने की जिम्मेदारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की;अब 33 को धमकी मिली
24 जयशंकर बोले: भारत-चीन सीमा पर 2 वजहों से समझौता,पहला- हम अड़े रहे,सेना डटी रही, कूटनीति काम आई,दूसरा-इन्फ्रास्ट्रक्चर बेहतर किया
25 मणिपुर में पिछले 1 साल में 1480 हथियार बरामद,असम राइफल्स ने बताया:426 इंटेलिजेंस ऑपरेशंस में करीब 130 बंकर तबाह किए
26 ईरान के बाद इजरायल ने लेबनान में बरसाए बम,19 की मौत;हिजबुल्लाह ने किया जवाबी हमला
27 SC Collegium: चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ बोले:संस्थागत सुधार की गुंजाइश का मतलब उसकी बुनियादी में ही खामी होना नहीं
28 मेक्सिको में भीषण सड़क हादसा,बस दुर्घटना में 19 लोगों की मौत;खाई में गिरे शव
29 पंजाब के मुख्यमंत्री ने नड्डा से मुलाकात की,15 नवंबर तक राज्य को आवंटित डीएपी उर्वरक की आपूर्ति करने को कहा
30 राजस्थान की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स का एक और कमाल,वारदात से पहले पकड़ा बदमाश को!
31 चीन से खतरा, अमेरिका ने ताइवान को NASAMS सहित 2 अरब डॉलर के हथियार सौदे को मंजूरी दी
32 महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर केजरीवाल का बड़ा ऐलान,AAP नहीं लड़ेगी चुनाव,MVA को देगी समर्थन
33 राजस्थान में दीपावली तक सुहाना रहेगा मौसम, त्योहार के बाद कम होगा तापमान,बढ़ेगी सर्दी
34 पहले भारत और PAK से एक जैसा व्यवहार करते थे अमेरिकी राष्ट्रपति,अब उन्हें समझ आ गया है भारत के साथ रहने में ही फायदा है आगे और ज्यादा बेहतर होंगे दोनों देशों के रिश्ते,विदेश मंत्री जयशंकर
35 झारखंड विधानसभा चुनाव:NDA और महागठबंधन ने लगभग सभी उम्मीदवारों की घोषणा की
36 टिकट नहीं मिलने से नवाब मलिक नाराज, अजित पवार के घर पहुंचकर समझाने के बावजूद चुनाव लड़ने पर अड़े
37 IND vs NZ:4302 दिनों के बाद भारत ने गंवाई घरेलू टेस्ट सीरीज,न्यूजीलैंड 2-0 से आगे
38 गुजरात के अमरेली में भूकंप के झटके,रिक्टर स्केल 3.7 रही तीव्रता
39 असम सरकार ने कर्मचारियों का DA 3 फीसदी बढ़ाया
40 कस्डोलियल डेथ के मामले से दिखता है कि प्रदेश की पूरी व्यवस्था चरमरा गई है:डिंपल यादव

# थलापति 69 से जुड़ीं प्रियामणि, पहली बार विजय के साथ स्क्रीन पर मचाएंगी धमाल



दलपति 69 साउथ सुपरस्टार विजय की राजनीति में प्रवेश से पहले आखिरी फिल्म होगी। द गोट की रिलीज के कुछ ही दिनों बाद विजय की अगली फिल्म की स्टारकास्ट को लेकर बैक-टू-बैक अपडेट सामने आ रहा है। फिल्म का निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस कर रहा है। बीते दिन



विजय की फिल्म से बॉबी देओल और पूजा हेगड़े के जुड़ने की जानकारी मिली। वहीं, अब नई रिपोर्ट ने प्रशंसकों के उत्साह को और ज्यादा बढ़ा दिया है। निर्माताओं ने पोस्ट कर जानकारी दी है कि प्रियामणि भी फिल्म दलपति 69 का हिस्सा बन गई हैं। प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म दलपति 69 से प्रियामणि का पोस्टर साझा कर इस खबर की आधिकारिक घोषणा की है। इसके साथ उन्होंने नोट में लिखा, दलपति 69 परिवार में प्रियामणि का आधिकारिक तौर पर स्वागत करते हुए खुश हैं। फिल्म से प्रियामणि के जुड़ाव ने प्रशंसकों के उत्साह को और ज्यादा बढ़ा दिया है। जानकारी हो कि यह पहली बार होगा जब प्रियामणि, विजय के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। दलपति 69 को पॉलिटिकल थ्रिलर माना जा रहा है। वास्तव में, केवीएन प्रोडक्शंस द्वारा साझा किए गए पहले पोस्टर में दलपति विजय को लोकतंत्र के मशाल-वाहक की भूमिका निभाते हुए देखा गया था। अब तक अस्थाई शीर्षक वाली फिल्म दलपति 69




से प्रियामणि के अलावा गौतम वासुदेव मेनन, बॉबी देओल, पूजा हेगड़े और ममिता बैजू जैसे सितारों के जुडने की जानकारी मिल चुकी है। अन्य अभिनेताओं के बारे में विवरण आगामी दिनों में घोषित होने की उम्मीद है। राजनीति में पूर्ण प्रवेश से पहले दलपति 69 विजय की अंतिम फिल्म है। दलपति 69 अगले साल यानी अक्तूबर, 2025 में रिलीज होगी। पोस्टर से लग रहा है कि फिल्म की कहानी सोशल ड्रामा थ्रिलर फिल्म होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्देशक एच विनोत और उनकी टीम इस महीने विजय अभिनीत आगामी फिल्म की शूटिंग शुरू करने की योजना बना रही है। फिल्म में विजय को पहले कभी नहीं देखे गए अवतार में दिखाने की उम्मीद है।






# बॉक्स ऑफिस पर विक्की विद्या की हालत हुई पतली

## जिगरा भी गिन रही आखिरी सांसे

राजकुमार राव की 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो और आलिया भट्ट की 'जिगरा को सिनेमाघरों में रिलीज हुए दो हफ्ते पूरे हो गए हैं. इस दौरान जहां राजकुमार की रोमांटिक कॉम ने गिरते-पड़ते अपना बजट्र वसूल कर लिया तो वहीं आलिया की फिल्म आधी लागत भी नहीं वसूल कर पाई. फिलहाल दोनों ही फिल्मों की हालत अब काफी खस्ता हो चली है. चलिए यहां जानते हैं 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो और 'जिगरा ने रिलीज के 14वें दिन कितना कलेक्शन किया है? स्त्री 2 से बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई करने के बाद राजकुमार राव एक बार फिर 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के साथ सिनेमाघरों में लौटे. एक्टर इस बार नेशनल क्रश तृप्ति डिमरी के साथ फिल्म में अपनी चोरी हुई 'सुहागरात की सीडी खोजने के चक्कर में दिखे. फिल्म ने दर्शकों को खूब हंसाया और इसने अच्छी शुरुआत भी की. फिर फिल्म की पहले हफ्ते की कमाई भी ठीक रही लेकिन दूसरे हफ्ते में 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो का कलेक्शन का ग्राफ गिरता चला गया. अब ये फिल्म तीसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है. वहीं फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो ने पहले हफ्ते में 27 करोड़ की कमाई की थी. दूसरे फ्राइडे फिल्म ने 1.4 करोड, दूसरे शनिवार 2.25 करोड़, दूसरे रविवार 2.6 करोड़, दूसरे सोमवार 1.15 करोड़, दूसरे मंगलवार 1.1 करोड़ और दूसरे बुधवार 94 लाख का कलेक्शन किया. वहीं अब फिल्म की रिलीज के 14वें दिन यानी दूसरे गुरुवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो ने रिलीज के 14वें दिन 80 लाख की कमाई की है. इसी के साथ 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो का 14 दिनों का कुल कलेक्शन अब 37.20 करोड़ रुपये हो गया है. 'जिगरा काफी उम्मीदों के साथ सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. हालांकि पहले ही दिन फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया था. ना तो फिल्म की कहानी और ना ही आलिया भट्ट की स्टार पावर ऑडियंस को सिनेमाघरों तक खींचने में कामयाब हो पाई. फिर भाई-बहन की कहानी पर बेस्ड ये फिल्म विवादों में भी फंस गई जिसका इसके कलेक्शन पर बुरा असर पड़ा. ये फिल्म फ्लॉप हो चुकी है और इसने जैसे तैसे रेंग रेंग कर बॉक्स ऑफिस पर दो हफ्ते पूरे किए हैं. लेकिन अब इसका पैकअप होता हुआ नजर आ रहा है. वहीं 'जिगरा की कमाई की बात करें तो इसने पहले हफ्ते में 22.45 करोड़ कमाए थे. दूसरे फ्राइडे फिल्म ने 1.15 करोड़, दूसरे शनिवार 1.7 करोड़, दूसरे रविवार 1.9 करोड़, दूसरे सोमवार 60 लाख, दूसरे मंगलवार 55 लाख और दूसरे बुधवार 51 लाख का बिजनेस किया. अब 'जिगरा की रिलीज के 14वें दिन यानी दूसरे गुरुवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'जिगरा ने रिलीज के 14वें दिन 40 लाख का कलेक्शन किया है. इसी के 'जिगरा की 14 दिनों की कुल कमाई अब 29.25 करोड़ रुपये हो गई है.

## भूल भुलैया 3 का आमी जे तोमार सॉन्ग आउट

# विद्या-माधुरी के परफॉर्मेंस ने लूटी महफिल, दिखीं 2 मंजूलिका की झलक

कार्तिक आर्यन, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित स्टारर मोस्ट अवेटेड भूल भुलैया 3 सिनेमाघरों में 1 नवंबर को दस्तक देगी. इस बीच इसके आईकॉनिक सॉन्ग आमी जे तोमार को मेकर्स ने फाइनली रिलीज कर दिया है. फैंस सॉन्ग का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे क्योंकि इसमें विद्या और माधुरी ने एक साथ डांस किया है. पहली भूल भुलैया में विद्या ने आमी जे तोमार पर डांस कर सबका दिल जीत लिया था वहीं भूल भुलैया 2 में इस गाने पर कार्तिक आर्यन ने सोलो और तब्बू ने डबल रोल में गाने पर परफॉर्मेंस दी थी. अब इस आईकॉनिक सॉन्ग में विद्या के साथ ही माधुरी ने भी परफॉर्म किया है. हाल ही में भूल भुलैया की मंजूलिका यानि विद्या बालन ने सॉन्ग की एक झलक दिखाते हुए बताया था कि 25 अक्टूबर को आमी जे तोमार रिलीज होने जा रहा है. पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, आमी जे तोमार...जुगल बंदी...इस बार माधुरी




दीक्षित नेने जी के साथ. आमी जे तोमार 3.0 सॉन्ग जल्द रिलीज होगा. भूल भुलैया 3 सिनेमाघरों में 1 नवंबर को रिलीज होगी. ये दिवाली भूल भुलैया वाली. भूल भुलैया के इस आईकॉनिक सॉन्ग में पहली फिल्म में विद्या बालन को डांस करते हुए देखा गया था जिसे दर्शकों ने बहुत पसंद किया था. वहीं भूल भुलैया 2 में कार्तिक आर्यन ने इस पर थिरककर दर्शकों का दिल जीत लिया था साथ ही अरिजीत की आवाज में यह गाना दर्शकों को बहुत पसंद आया था. वहीं तब्बू ने भी डबल रोल में इस गाने पर डांस किया था. अब भूल भुलैया 3 में इस सॉन्ग पर दो-दो मंजूलिकाएं नजर आईं. बता दें इस फिल्म में माधुरी को दूसरी मंजूलिका के रूप में दिखाया गया है. वहीं इस सॉन्ग में भी विद्या और माधुरी की जुगलबंदी देखने को मिली. दर्शकों को श्रेया घोषाल की आवाज में यह सॉन्ग काफी पसंद आया है वहीं विद्या और माधुरी की परफॉर्मेंस भी धांसू है. भूल भुलैया 3 सिनेमाघरों में दिवाली के मौके पर यानि 1 नवंबर को रिलीज होने जा रही है. फिल्म को अनीस बज्मी ने डायरेक्ट किया है इसमें कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित, तृप्ति डीमरी लीड रोल प्ले कर रहे हैं. इनके अलावा विजय राज, राजपाल यादव और संजय मिश्रा जैसे कलाकार सपोर्टिंग रोल में हैं.



# बिग बॉस 17 में भाग ले चुकी सोनिया बंसल परिवार के साथ मनाएंगी जन्मदिन



बिग बॉस 17 में एक सप्ताह तक नजर आई सोनिया बंसल अपने जन्मदिन के लिए पूरी तरह तैयार हैं और उन्होंने कहा कि उनकी योजना घर पर परिवार के साथ समय बिताने की है। सोनिया ने कहा, खैर, मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो हर साल एक भव्य और भव्य पार्टी करना पसंद करते हैं। मैं एक साधारण व्यक्ति हूं जो अपने परिवार के लिए ऐसे विशेष दिन को खास बनाना चाहती हैं। इसलिए, मेरे लिए इस साल का जन्मदिन घर पर परिवार के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि उनका कैलेंडर काफी व्यस्त है, जिसके कारण वह अपने परिवार के साथ समय नहीं बिता पा रही हैं। उन्होंने कहा, मेरे काम का शेड्यूल काफी व्यस्त है, जिसके कारण मैं अपने परिवार के साथ उतना समय नहीं बिता पाई जितना मैं चाहती थी। इसलिए, इस जन्मदिन पर कोई बहाना नहीं है। इसे एक निजी मामला बताते हुए उन्होंने कहा : यह घर पर एक शांत निजी उत्सव होगा जिसमें अच्छा खाना, बातचीत और परिवार के साथ अच्छा समय बिताया जाएगा। यह मेरी प्राथमिकता है और मेरे लिए इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। सोनिया ने 2022 में फिल्म गेम 100 करोड़ का से डेब्यू किया, जिसमें उन्होंने राहुल रॉय, शक्ति कपूर, विशाल मोहन और पंकज बेरी के साथ काम किया। वह फिल्म नॉटी गंगा, डुबकी में भी नजर आईं। सोनिया समर खान द्वारा निर्देशित एक्शन ड्रामा वेब सीरीज शूरवीर में भी नजर आईं। यह फिल्म विक्रांत श्रीनिवास द्वारा निर्देशित एक एक्शन थ्रिलर है। बिग बॉस 17 की बात करें तो इस शो को सलमान खान ने होस्ट किया था। इस विवादित रियलिटी शो को मुनव्वर फारुकी ने जीता था। बिग बॉस का 18वां सीजन 6 अक्टूबर से शुरु हुआ है। वर्तमान में शो में नायरा बनर्जी, करण वीर मेहरा, अविनाश मिश्रा, मुस्कान बामने, चूम दरंग, चाहत पांडे, विवियन डीसेना, ईशा सिंह, रजत दलाल, शिल्पा शिरोडकर, सारा अरफीन खान, गुणरत्न सदावर्ते, तजिंदर पाल सिंह बग्गा, श्रुतिका अर्जुन राज, शहजादा धामी, ऐलिस कौशिक और अरफीन खान शामिल हैं। शो के 18वें सीजन से बाहर होने वाली पहली प्रतियोगी हेमा शर्मा हैं।

# श्वेता तिवारी ने डीपनेक बॉडीकॉन ड्रेस में दिए किलर पोज, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने फैंस को किया घायल

टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस श्वेता तिवारी हमेशा अपने फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका बोल्ड और स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस अक्सर उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में उन्होंने अपनी लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दी हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने 44 साल की उम्र में भी खुद को 22 साल की लड़की जैसा मेंटेन कर के रखा हुआ है। श्वेता तिवारी ने एक बार फिर अपने ग्लैमरस



अंदाज से फैंस को दीवाना बना दिया है. श्वेता ने अपने इंस्टाग्राम पर हाल ही में कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह मैरून डीपनेक बॉडीकॉन ड्रेस में नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस की किलर पोज और उनकी जबरदस्त हॉटनेस ने फैंस को घायल कर दिया है. इन तस्वीरों में श्वेता ने लाइट मेकअप किया है, जो उनकी नेचुरल ब्यूटी को और भी निखार रहा है. खुले बालों के साथ उनके लुक ने चार चांद लगा दिए हैं. 44 साल की उम्र में भी श्वेता तिवारी का यह स्टाइलिश और फिटनेस अवतार फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गया है. एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही वायरल होने लगता है। एक्ट्रेस की उम्र का उन पर कोई असर नजर नहीं आता, और उनके फैंस भी उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. श्वेता तिवारी का हर एक अंदाज काफी हटके होता है। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका का हर एक लुक फैंस के बीच काफी ट्रेंड करने लगता है।



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।